RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 170 • 11:10:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

# महानायक टाटा का निधन, अलविदा हुए... रतन

**एजेंसी। मुंबई**





भारतीय उद्योग जगत के स्तंभ और टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन रतन नवल टाटा का 86 वर्ष की आयु में मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे और उनका इलाज जारी था। उनके निधन से उद्योग और समाज सेवा के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। रतन टाटा ने अपने कुशल नेतृत्व और नैतिक सिद्धांतों से टाटा समूह को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और भारतीय उद्योग में अपनी अमिट छाप छोड़ी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,गृहमंत्री अमित शाह,नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शोक व्यक्त किया है। टाटा संस के वर्तमान चेयरमैन एन चंद्रशेखर ने एक बयान में कहा, रतन टाटा का निधन हमारे लिए व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से एक बड़ी क्षति है। वह एक असाधारण नेता, प्रेरणास्त्रोत और मेरे लिए एक मार्गदर्शक थे। उनके सिद्धांत और मूल्य हमें हमेशा प्रेरित करेंगे। चंद्रशेखर ने यह भी कहा कि टाटा का परोपकार और समाज सेवा के प्रति समर्पण उन्हें एक विशेष व्यक्ति बनाता है।रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं, जिनमें टाटा नैनो और जगुआर-लैंड रोवर का अधिग्रहण प्रमुख थे। उनकी दृष्टि और उद्योग के प्रति समर्पण ने टाटा समूह को वैश्विक पहचान दिलाई।

उन्होंने हमेशा व्यापार को समाज के प्रति एक जिम्मेदारी के रूप में देखा और शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन पर देशभर में शोक की लहर है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने शोक संदेश में कहा, रतन टाटा के निधन से गहरा दुख हुआ है। वे भारतीय उद्योग के पथप्रदर्शक थे और उनकी सरलता, विनम्रता, और देशभक्ति को हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। रतन टाटा ने 1991 में टाटा समूह की बागडोर संभाली और उसे एक छोटे से पारिवारिक व्यवसाय से एक वैश्विक समूह में परिवर्तित किया। उनके नेतृत्व में टाटा समूह ने न केवल वित्तीय सफलता हासिल की, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी निभाया। रतन टाटा का निधन भारतीय उद्योग और समाज सेवा के क्षेत्र में एक युग के अंत का प्रतीक है। उनकी सादगी, दूरदर्शिता, और जनकल्याण के प्रति समर्पण ने उन्हें जनता के दिलों में विशेष स्थान दिलाया। उनकी विरासत हमेशा प्रेरणादायक रहेगी।

## वह कह रहे हैं, यकीन नहीं हो रहा तुम चले गए...अलविदा मेरे दोस्त

**▪ रतन टाटा के निधन पर अभिनेत्री सिमी ग्रेवाल ने की दर्द भरी पोस्ट**



**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेत्री सिमी ग्रेवाल ने रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक जताया है। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में ग्रेवाल ने इसे अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा इस बात पर विश्वास करना मुश्किल हो रहा है। सिमी ग्रेवाल और रतन टाटा की दोस्ती बहुत पुरानी और गहरी थी और इसका अंदाजा सिमी के सोशल पोस्ट से लगाया जा सकता है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है-वह कह रहे हैं, तुम नहीं रहे...विश्वास करना मुश्किल है... बहुत मुश्किल, अलविदा मेरे दोस्त रतन टाटा। हिंदी सिने जगत की ग्लैमरस अभिनेत्री रही सिमी ग्रेवाल का एक टॉक शो काफी मशहूर रहा है। इसमें इन्होंने नामचीन शख्सियतों के साथ बातचीत की थी। इन्हीं में से एक थे रतन टाटा। जिन्होंने शो में कहा था कि हां वह अकेलापन महसूस करते हैं। सिमी ग्रेवाल ने रतन टाटा से पूछा था कि उन्होंने कभी शादी क्यों नहीं की? तब रतन टाटा ने उनसे कहा था- बहुत सारी चीजें एक साथ घटी, जिन्होंने मुझे शादी करने से रोक दिया। समय सही नहीं था और फिर काम में इतना मशगूल हो गया कि समय ही नहीं रहा। मैं कई बार शादी करने वाला था कि ऐन मौके पर बात नहीं बनी। इस शो में रतन टाटा ने माना था कि उन्हें चार बार ऐसा लगा कि शादी हो जाएगी लेकिन फिर वैसा हो न सका। प्यार अधूरा रह गया। एक बार किसी से उन्होंने लॉस एंजिल्स वाली अधूरी मोहब्बत का भी जिक्र किया था। रतन टाटा ने कहा था एक कंपनी में काम करने के दौरान लॉस एंजिल्स में प्यार हुआ लेकिन शादी नहीं हो पाई। सब कुछ ठीक था लेकिन तभी अचानक वापस भारत लौटना पड़ा, क्योंकि उनकी दादी की तबीयत खराब हो गई। रतन टाटा के कहे अनुसार उन्हें लगा था कि जिस महिला से वह प्यार करते हैं वह भी उनके साथ भारत भी आ जाएगी लेकिन 1962 की भारत-चीन जंग के चलते उस लड़की के माता पिता उसे भारत भेजने को तैयार नहीं थे और इस तरह उनका रिश्ता टूट गया।

## परमाणु पनडुब्बियों और प्रीडेटर ड्रोन के लिए 80 हजार करोड़ रुपये के सौदों को मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- परमाणु हमलावर पनडुब्बियों से हिंद महासागर क्षेत्र में बढ़ेगी नौसेना की क्षमता
- नौसेना को 15 और सेना-वायु सेना को मिलेंगे आठ-आठ अमेरिकी प्रीडेटर ड्रोन





भारतीय नौसेना और रक्षा बलों की निगरानी क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने दो परमाणु पनडुब्बियों के स्वदेशी निर्माण और अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के प्रमुख सौदों को मंजूरी दे दी है। भारतीय नौसेना को दो परमाणु ऊर्जा चालित हमलावर पनडुब्बियां मिलेंगी, जो हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना की क्षमताओं को कई गुना बढ़ाने में मदद करेंगी। विशाखापत्तनम के शिप बिल्डिंग सेंटर में दो पनडुब्बियों के निर्माण का सौदा करीब 45,000 करोड़ रुपये का होगा और इसमें लार्सन एंड टूब्रो जैसी निजी क्षेत्र की कंपनियों की प्रमुख भागीदारी होगी। यह सौदा लंबे समय से अटका हुआ था और भारतीय नौसेना इस पर जोर दे रही थी, क्योंकि यह पानी के भीतर क्षमता की कमी को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता थी। भारत की अपनी पनडुब्बी योजनाओं के हिस्से के रूप में लंबे समय में ऐसी छह नौकाएं रखने की योजना है। महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट एडवांस्ड टेक्नोलॉजी वेसल परियोजना के तहत बनने जा रही ये नौकाएं अरिहंत श्रेणी के तहत बनाई जा रही पांच परमाणु पनडुब्बियों से अलग हैं। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति से मंजूर किया गया दूसरा बड़ा सौदा विदेशी सैन्य बिक्री अनुबंध के तहत अमेरिकी जनरल एटॉमिक्स से 31 प्रीडेटर ड्रोन के अधिग्रहण के लिए है। इस सौदे को 31 अक्टूबर से पहले मंजूरी मिलनी थी, क्योंकि अमेरिकी प्रस्ताव की वैधता उस समय तक थी लेकिन अब इस पर अगले कुछ दिनों में ही हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। अनुबंध के अनुसार रक्षा बलों को सौदे पर हस्ताक्षर करने के चार साल बाद ड्रोन मिलना शुरू हो जाएंगे। भारतीय नौसेना को 31 में से 15 ड्रोन मिलेंगे, जबकि सेना और भारतीय वायु सेना को आठ-आठ ड्रोन मिलेंगे, जिनके शांतिकालीन निगरानी में गेम चेंजर साबित होने की उम्मीद है।

## अवकाश की सूचना



सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं और सहकर्मियों को शारदीय नवरात्र सह दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं। दशहरा में 11 और 12 अक्टूबर को अवकाश रहने की वजह से अगला अंक 14 अक्टूबर (सोमवार) को आएगा।

-सम्पादक

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती स्टार्टअप इकोनामी बना : अमित शाह




**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती स्टार्टअप इकोनामी बना है। उन्होंने कहा कि 14 साल पहले पत्रकार लिखते थे कि देश में पॉलिसी पैरालिसिस है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस पॉलिसी पैरालिसिस को खत्म करने का काम किया है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की राह पर अग्रसर है। अमित शाह नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 119वें वार्षिक अधिवेशन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस वार्षिक सत्र का मुख्य विषय 'विकसित भारत @ 2047: उन्नति के शिखर की ओर अग्रसर' है। इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि हर क्षेत्र में नई नीतियां लागू की गई हैं। दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज भारत में है। शिक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए मोदी सरकार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लेकर आई।। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में हमारी सरकार पर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने ऐसे समय में टाटा समूह का नेतृत्व संभाला जब समूह के लिए बदलाव महत्वपूर्ण था। उन्होंने टाटा समूह के काम करने के तरीके और कई व्यवसायों को बदल दिया। रतन टाटा की विरासत उद्योग जगत के लोगों का मार्गदर्शन करेगी।

### पटना-गया रेलखंड पर दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बची इस्लामपुर-हटिया एक्सप्रेस

**पटना।** रेलगाड़ी संख्या 18623 इस्लामपुर-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन बीती देर रात करीब 12.15 बजे पटना-गया रेलखंड के बेलागंज-नेयामतपुर रेलवे स्टेशन के बीच पिलर संख्या 75/05 के पास दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बच गई। इस संबंध में जहानाबाद रेल थाना अध्यक्ष दीप नारायण यादव ने बताया कि बुधवार की देर रात करीब सवा बारह बजे यह घटना हुई है। उन्होंने बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा रेल पटरी में बिछाये गये सीमेंट ब्लॉक्स स्लीपर को उठाकर रेल लाइन पर रख दिया गया था। हालांकि, ड्राइवर ने उसे देख लिया और इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका लेकिन ट्रेन रुकते-रुकते इंजन स्लीपर में जा टकराया। इस दौरान रेल यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि रेल पटरी से स्लीपर हटाकर रेल परिचालन शुरू कराया गया। इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ स्थानीय थाना बेलागंज में एफआईआर दर्ज कराई गई गयी है। इधर, घटना की छानबीन करते हुए रेल पुलिस की टीम भी लगातार छापेमारी कर रही है।

## हम शांतिप्रिय देश हैं, एक-दूसरे का सम्मान करते हैं : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को आसियान सम्मेलन में कहा कि हम शांतिप्रिय देश हैं और एक-दूसरे की राष्ट्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करते हैं। हम अपने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब विश्व संघर्ष और तनाव का सामना कर रहा है, भारत-आसियान मित्रता, समन्वय, संवाद और सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने लाओस के वियनतियाने में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति ने नई दिल्ली और आसियान देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को ऊर्जा और गति दी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संघर्षों के मद्देनजर आज भारत-आसियान सहयोग की बहुत आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें आसियान परिवार के साथ 11वीं बार इस बैठक में शामिल होने पर गर्व महसूस हो रहा है। दस साल पहले उन्होंने भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति की घोषणा की थी। इन 10 वर्षों में इस नीति ने भारत और आसियान देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को नई ऊर्जा, दिशा और गति दी है। उन्होंने कहा कि भारत-आसियान पड़ोसी हैं, ग्लोबल साउथ में साझेदार हैं और दुनिया में तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र हैं । उन्होंने कहा कि भारत-आसियान शांतिपूर्ण राष्ट्र हैं, एक-दूसरे की राष्ट्रीय एकता और संप्रभुता का सम्मान करते हैं और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आसियान क्षेत्र के देशों के साथ बहुपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए भारत द्वारा की गई अन्य पहलों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष, क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए समुद्री अभ्यास शुरू किया गया था। पिछले 10 वर्षों में आसियान क्षेत्र के साथ हमारा व्यापार लगभग दोगुना होकर 130 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। आज भारत के पास सात आसियान देशों के साथ सीधी उड़ान कनेक्टिविटी है और बहुत जल्द, ब्रुनेई के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने तिमोर लेस्ते में नए वाणिज्य दूतावास खोले हैं। सिंगापुर आसियान क्षेत्र का पहला देश था, जिसके साथ हमने फिनटेक कनेक्टिविटी स्थापित की और अब इसे अन्य देशों में भी दोहराया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का लगभग सात आसियान देशों के साथ सीधा उड़ान संपर्क है और ब्रुनेई के साथ भी यही शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जन-केंद्रित दृष्टिकोण हमारी डेवेलपमेंट पार्टनरशिप का आधार है। 300 से अधिक आसियान छात्रों को नालंदा यूनिवर्सिटी में स्कॉलरशिप का लाभ मिला है। विश्वविद्यालय का नेटवर्क लॉन्च किया गया है। उन्होंने कहा कि लाओस, कंबोडिया, वियतनाम, म्यांमार, इंडोनेशिया में साझी विरासत और संरक्षण के लिए काम किया गया है। चाहे कोविड महामारी हो या प्राकृतिक आपदा, हमने एक-दूसरे की मदद की है। भारत ने कई क्षेत्रों में सहयोग के लिए भारत-आसियान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कोष, हरित कोष और डिजिटल कोष में 30 मिलियन डॉलर का योगदान भी दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और आसियान पड़ोसी हैं, वैश्विक दक्षिण में साझेदार हैं और दुनिया में तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र हैं।

# दिल्ली सीएम आवास को लेकर सियासत, बिना आवंटित हुए ही रहने पहुंच गईं आतिशी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**सामान बाहर निकालकर पीडब्ल्यूडी ने लगाया डबल लॉक, आवास किया सील**



दिल्ली सीएम आवास को लेकर सियासी घमासान शुरू हो गया है, जिस बंगले में अरविंद केजरीवाल रह रहे थे, उस बंगले में दिल्ली की मौजूदा सीएम आतिशी का सामान पहुंचने के बाद पीडब्ल्यूडी ने बंगले को सील कर डबल लॉक लगा दिया है। आरोप है कि अरविंद केजरीवाल ने ये बंगला अभी तक पीडब्ल्यूडी को नहीं सौंपा है और उससे पहले ही मौजूदा सीएम आतिशी का सामान बंगले में पहुंच गया, जबकि इस आवास का मालिक पीडब्ल्यूडी है। किसी भी सरकारी घर के खाली होने पर पीडब्ल्यूडी उसका कब्जा लेता है और उसकी इन्वेनटरी बनाता है, उसके बाद ही घर किसी और को आवंटित किया जाता है। वहीं, इस दिल्ली सरकार बंगले को खाली करने को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल बंगले की चाबी एक अधिकारी को सौंपती हुई दिख रही हैं। साथ ही वीडियो में दावा किया गया है कि केजरीवाल ने सीएम आवास खाली कर दिया है, लेकिन इसके बाद 6 अक्टूबर को पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने दिल्ली के सीएम के स्पेशल सेक्रेटरी को चिट्ठी लिखी और कहा कि इस बंगले की चाबी सौंपने के कुछ वक्त बाद ही वापस ले ली गईं थीं और बंगला पूरी तरह पीडब्ल्यूडी को हैंडओवर नहीं किया गया है। बता दें केजरीवाल द्वारा खाली किए गए बंगले की चाबी पीडब्ल्यूडी अधिकारी को सौंपी जानी थी, लेकिन सुनीता केजरीवाल वीडियो में जिसे चाबी सौंप रही हैं वह पीडब्ल्यूडी के अधिकारी नहीं है, बल्कि सीएम के स्पेशल सेक्रेटरी प्रवेश रंजन झा हैं। एलजी हाउस के सूत्रों के मुताबिक जिस आवास में अभी तक अरविंद केजरीवाल रह-रहे थे, वह आधिकारिक सीएम आवास नहीं है, इसका मालिक पीडब्ल्यूडी है। उसे ही ये बंगला आवंटित करने का अधिकार है, जबकि अभी इस बंगले के कंस्ट्रक्शन को लेकर विजिलेंस की जांच चल रही है।

### आत्ममंथन की बजाय हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रही कांग्रेसः भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद ईवीएम और चुनाव आयोग पर सवाल उठाने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा ने कहा कि नाच न जाने आंगन टेढ़े वाली सोच से कांग्रेस घिर चुकी है। कांग्रेस आत्ममंथन करने के बजाय अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रही है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि हरियाणा चुनाव में लोगों ने स्पष्ट रूप से कांग्रेस को नकार दिया है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस के सारे दावे झूठे हैं। ये अपनी हार का ठीकरा कभी चुनाव आयोग और कभी ईवीएम पर फोड़ रहे हैं। आत्मंथन करने के बजाय हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ने में लगे हुए हैं।

## दशहरे पर सिक्किम में सेना के जवानों के संग शस्त्र पूजा करेंगे रक्षामंत्री!

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ बीते चार वर्ष से अधिक समय से जारी एलएसी विवाद के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस सप्ताह शनिवार को बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार यानी दशहरा भारत की पूर्वी सीमा पर सिक्किम में तैनात सेना की 17वीं इन्फेंट्री डिवीजन के जवानों के साथ मनाएंगे। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री 11से 12 अक्टूबर तक सिक्किम की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राजधानी दिल्ली के बाहर सीमाई इलाकों में देश की सुरक्षा में चौबीसों घंटे तैनात सेना के जवानों के साथ दशहरा का त्योहार मनाएंगे और शस्त्र पूजा करेंगे। पिछले साल 2023 में रक्षा मंत्री ने अरूणाचल प्रदेश के तवांग में सेना के जवानों के साथ दशहरा का त्योहार मनाया था। वहीं, 2020 में भारत और चीन की सेनाओं के बीच एलएसी विवाद की शुरुवात के करीब छह महीने बाद भी रक्षा मंत्री सिक्किम की यात्रा पर गए थे और उन्होंने वहां सेना के जवानों के साथ विजयदशमी का त्योहार मनाया था। इस बार की यात्रा के दौरान सिक्किम में चीन से लगे इस संवेदनशील सीमाई इलाके की सुरक्षा में तैनात सेना की 33वीं कोर के वरिष्ठ अधिकारी रक्षा मंत्री को जमीनी सुरक्षा हालात के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान रक्षा मंत्री के साथ सिक्किम की यात्रा में उनकी अगुवाई कर सकते हैं।

## 13 से तीन देशों की यात्रा पर रहेंगी राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 13 से 19 अक्टूबर तक अफ्रीका महाद्वीप के तीन देशों अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की राजकीय यात्रा पर रहेंगी। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन तीनों देशों की पहली यात्रा होगी। यह जानकारी विदेश मंत्रालय में बुधवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सचिव (पूर्वी अफ्रीका) दमू रवि ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने समकक्ष राष्ट्रपति अब्देल मदजीद तेब्बौने के निमंत्रण पर 13 से 15 अक्टूबर तक अल्जीरिया की यात्रा पर रहेंगी। इस दौरान उनकी राष्ट्रपति तेब्बौने के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी। इसके अलावा अल्जीरिया की संसद के उच्च और निम्न सदन के अध्यक्ष राष्ट्रपति मुर्मू के साथ शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू इंडिया-अल्जीरिया आर्थिक फोरम और सिबि अब्देल्लाह साइंस एंड टेक्नोलॉजी पोल यूनिवर्सिटी को संबोधित करेंगी। साथ ही वह हामा गार्डन में इंडिया कार्नर का उद्घाटन भी करेंगी। दोनों देशों के कई क्षेत्रों में मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। इनमें तेल-गैस, रक्षा और स्पेस सहयोग मुख्य हैं। भारत की राष्ट्रपति की इस यात्रा से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा के दूसरे चरण में राष्ट्रपति 16 अक्टूबर को मॉरिटानिया की यात्रा करेंगी। उनका यह दौरा एक ऐसे समय में हो रहा है जब मॉरिटानिया अफ्रीकी संघ की अध्यक्षता कर रहा है। यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू की मॉरिटानिया के राष्ट्रपति मोहम्मद औलद गजौनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता होगी। इसके अलावा वहां के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री भारत की राष्ट्रपति के साथ शिष्टाचार मुलाकात कर सकते हैं। मॉरिटानिया में राष्ट्रपति की भारतीय समुदाय से मुलाकात होगी। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की यात्रा का अंतिम पड़ाव यानी मलावी होगा। जहां वह 17 से 19 अक्टूबर तक रहेंगी। इसमें उनकी मलावी के शीर्ष नेतृत्व के साथ अहम बैठकें होंगी। राष्ट्रपति मुर्मू की अफ्रीकी देशों की यह यात्रा भारत द्वारा अफ्रीका महाद्वीप को दिए जा रहे महत्व को प्रदर्शित करती है। भारत की यह प्रगाढ़ इच्छा है कि उसकी इन देशों के साथ भागीदारी को मजबूती प्रदान की जाए। साथ ही उनकी यह यात्रा अफ्रीकी संघ के जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल होने के करीब साल भर के बाद की जा रही है।

### एनआईए ने मानव तस्करी मामले में पांच आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मानव तस्करी मामले में एक गिरोह के पांच लोगों के खिलाफ बुधवार को एक विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दाखिल किया है। इनमें मंजूर आलम उर्फ गुड्डू, साहिल, आशीष उर्फ अखिल, पवन यादव उर्फ अफजल उर्फ अफरोज और मुख्य साजिशकर्ता कामरान हैदर उर्फ जैदी हैं। यह गिरोह भारतीयों को साइबर अपराध से जुड़े कार्यो के लिए लाओस भेज रहा था। इस गिरोह का संचालन चीन के घोटालेबाज कर रहे थे जो यूरोपीय और अमेरिकी नागरिको को निशाना बनाते थे। एनआईए ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एनआईए के मुताबिक जांच में पता चला है कि ये लोग आर्थिक रुप से कमजोर भारतीय युवाओं को मानव तस्करी के जरिए 'लाओ पीडीआर के गोल्डन ट्राएंगल क्षेत्र' में ले जाते थे। जहां उन्हें यूरोपीय और अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर घोटाले करने के लिए मजबूर किया जाता था। ये लोग 'अली इंटरनेशनल सर्विसेज' चलाते थे, जिसकी आड़ में मानव तस्करी की जाती थी।

### क्या जम्मू-कश्मीर में फारूक कर सकते हैं खेला, बीजेपी से समझौते की अटकलें शुरु



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की है, जिससे क्षेत्र की राजनीति में नया मोड़ आ गया है। यह गठबंधन को बहुमत मिला है और अब वह सरकार बनाने की स्थिति में है, लेकिन इस बीच, सोशल मीडिया पर कई दावे किए जा रहे हैं, जिनमें बीजेपी और नेशनल कांफ्रेंस के बीच संभावित समझौते की बात भी कही जा रही है। नेशनल कॉन्फ्रेंस एक ऐसी पार्टी है, जिसका कांग्रेस और बीजेपी दोनों के साथ इतिहास रहा है। फारूक अब्दुल्ला ने कांग्रेस के सहयोग से राज्य में सरकार चलाई थी, जबकि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 1999 में बीजेपी के साथ गठबंधन किया था। हाल के दिनों में, फारूक अब्दुल्ला ने मोदी सरकार की कुछ नीतियों की तारीफ की है, जिससे ये अटकलें लगाई जा रही है कि क्या बीजेपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस फिर साथ आ सकते हैं। अगर ऐसा हुआ, तो इस गठबंधन से कई संभावित लाभ हो सकते हैं।

### नालंदा में दुबई का शिव मंदिर

# पटना के संपतचक में बिहार का सबसे ऊंचा पंडाल, गया-भागलपुर में तिरुपति की झलक





**पटना ,एजेंसी।** नवरात्रि के 7वें दिन बुधवार की शाम बिहार में तकरीबन सभी पूजा पंडाल के पट खोल दिए गए। श्रद्धालुओं की भीड़ देवी मां के दर्शन को उमड़ पड़ी। सभी पंडाल रंग बिरंगी रोशनी से नहाए हुए हैं। मंदिरों के बाहर मेले लगे हैं। इस बार पटना के संपतचक में बिहार का सबसे ऊंचा पंडाल बनाया गया है। ये 151 फीट ऊंचा और 80 फीट चौड़ा है। यह पंडाल बेगूसराय के बड़की माता मंदिर के तर्ज पर बनाया गया है। वहीं, दरभंगा में आगरा का किला बनाया गया है। इसमें 30 लाख रुपए खर्च हुए हैं। पंडाल में एसी भी लगा है। गया, भागलपुर में तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाए गए हैं। मुजफ्फरपुर. बेगूसराय में केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर पंडाल को सजाया गया है। नालंदा में 72 फीट ऊंचे पंडाल में दुबई के शिव मंदिर की झलक दिखाई गई है। पटना शहर के भव्य पंडालों में से एक संपतचक बाजार में बना पंडाल है। इस पंडाल को पूरे डेढ़ महीने में जामताड़ा (झारखंड) के 15 कारीगरों ने बनाया है। इस पंडाल की भव्यता और सुंदरता लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। पूरे पंडाल को एशिया के बड़े मंदिरों में से एक बेगूसराय के बिहट में स्थित सिद्धपीठ बड़की दुर्गा मंदिर के तर्ज पर बनाया गया है। दावा किया जाता है कि माता का इससे ऊंचा मंदिर पूरे एशिया में नहीं है। कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार ने बताया कि पंडाल बनाने की लागत 30 से 35 लाख रुपए तक है।

### साल 1971 से हो रही है पूजा

मुख्य आयोजक सदस्यों में शामिल मुकेश कुमार ने बताया कि जब यहां कुछ नहीं था, सिर्फ गांव हुआ करता था। तब से हमारे पूर्वज यहां पंडाल बनाकर मां की प्रतिमा स्थापित करके पूजा करते आ रहे हैं। वर्ष 1971 से यह परंपरा चलती आ रही है। पिछले 9 वर्षों से पूर्वजों की परंपरा को हम लोग आगे बढ़ा रहे हैं। 40 से 50 गांव के लोग यहां पहुंचते हैं।

### गया में तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर बना पंडाल

गया शहर में केदारनाथ मार्केट परिसर में तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर 100 फीट ऊंचा भव्य पंडाल बनाया गया है। खास बात यह कि तिरुपति बालाजी के मंदिर में जितने भी भगवान की प्रतिमा है, सभी यहां भी स्थापित किए गए हैं। प्रतिमा और पंडाल में अब तक 15 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। मां की प्रतिमा पर अखरोट और काजू की माला पहनाई गई है। दिल्ली और कोलकाता के 200 कारीगरों द्वारा तैयार प्रतिमा व पंडाल बनाए गए हैं। पंडाल में लगे लाइट की हर एक घंटे बाद रंग बदल जाती है। पंडाल में दो प्रवेश और 4 निकास द्वार बनाए गए हैं।

### भागलपुर में आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर के तर्ज पर बना पंडाल

भागलपुर में मारवाड़ी पाठशाला स्थित आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर के तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। युवक संघ के सचिव वावन दा ने बताया कि लगभग चार लाख रुपए की लगता से पंडाल तैयार किया गया है। इसकी चौड़ाई करीब 60 फीट और ऊंचाई भी इतनी ही है। पंडाल बनाने के लिए सभी कारीगर बंगाल से आए हैं। पंडाल परिसर में 24 सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। पंडाल के अंदर एक साथ करीब सैकड़ों लोग प्रवेश कर सकते हैं। इस पंडाल को 25 दिन में तैयार किया गया है।

**मुजफ्फरपुर में 13 लाख रुपए में बना पंडाल :** मुजफ्फरपुर के अखाराघाट पुल के पास केदार नाथ मंदिर के तर्ज पर दुर्गा पूजा पंडाल बनाया गया है। जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। यहां पर मां दुर्गा की 18 फीट की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। पूजा पंडाल के व्यवस्थापक रंजन कुमार तिवारी ने बताया कि इस पंडाल को बनाने में लगभग 13 लाख रुपए खर्च हुए हैं। स्थानीय कारीगरों द्वारा इसे बनाया गया है। पूजा पंडाल में एक साथ 2 हजार लोग प्रवेश कर सकते हैं। सुरक्षा को लेकर बड़ी संख्या में पूजा समित के सदस्य तैनात हैं। इसके अलावा पुलिस के जवानों की भी ड्यूटी लगाई गई है। पूजा पंडाल ने 6 सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है।

### दरभंगा में 30 लाख रुपए का पंडाल

दरभंगा में गेहूमी कोठिया बाजार समिति की ओर से 5 अलग-अलग थीम पर आधारित भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। इसे 30 लाख रुपए से अधिक की लागत से बनाया गया है। इस पंडाल को बंगाल और मुजफ्फरपुर के कारीगरों ने बनाया है। पंडाल का बाहरी स्वरूप आगरा के किले का है। इसके बाद भूत-बंगला, मिथिला पेंटिंग, फिर भूल-भुलैया और अंत में बंगाल के थीम पर वातानुकूल स्वर्ग लोक बनाया गया है। पंडाल के सबसे अंत में माता की प्रतिमा के दर्शन होते हैं। पूजा समिति के चंदा प्रभारी अनिल कुमार महतो ने बताया कि मुख्य पंडाल में एसी लगाया गया है। इस पंडाल को 500 स्क्वायर मीटर में तैयार किया गया है। यहां वर्ष 1977 से वैष्णवी पद्धति से देवी की पूजा की जाती है।

**नालंदा में 72 फीट ऊंचे पंडाल में दुबई के शिव मंदिर की भव्यता :** नालंदा में श्रद्धालुओं को एक अनूठा आध्यात्मिक अनुभव मिल रहा है। नाला रोड पर 72 फीट ऊंचा भव्य पंडाल दुबई के प्रसिद्ध शिव मंदिर के रूप में तैयार किया गया है। इस अद्भुत रचना को साकार करने में लगभग 12 कुशल कारीगर पिछले एक माह से दिन-रात जुटे हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दीप जलाने के लिये युवतियों और महिलाओं में मची होड़

**भागलपुर,एजेंसी।** शारदीय नवरात्र जैसे -जैसे परवान चढ़ रही है। विभिन्न दुर्गा मंदिरों में संध्या के समय युवतियों और महिला श्रद्धालुओं में दीप जलाने की होड़ मची हुई है। नवगछिया के तेतरी, सैदपुर, रंगरा, तिनटंगा करारी, बिंद टोली, बुद्धूचक, सुकटिया बाजार, गोपालपुर, डिमाहा व बोचाही, खरीक सहित दर्जनों गांवों से निजी वाहनों व पैदल कलश स्थापन की संध्या से ही दीप जलाने हेतु बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पुलिस के जवानों के साथ पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था बनाने में लगे हैं। स्वामी आगमानंद महाराज के कृपा पात्र पंडित प्रेम शंकर भारती के संगीतमय भागवत कथा से मंदिर परिसर गुंजमान हो रहा है।

### 709 लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई

**भागलपुर,एजेंसी।** पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र में स्थित सभी थानों में दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 709 लोगों के विरुद्ध भारती नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत धारा 126 के अंतर्गत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। इनमें पीरपैंती थाना में 313 लोग, इशीपुर थाना में 116 लोग, बाखरपुर थाना में 180 लोग तथा एकचारी थाना में 100 लोग भी शामिल हैं। जिनके विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

### वारंटी सहित चार गये जेल

**गया,एजेंसी।** डोभी थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से पुलिस ने वारंटी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गंभरिया गांव से विक्रम पासवान, दीपक पासवान, उमेश पासवान एक मामले के वारंटी थे, जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इधर, एक अन्य मामले में जोलहबिगहा गांव के पर्वतीया देवी को भी पकड़ा गया।

### 52 लीटर बीयर के साथ तीन गिरफ्तार

**गया,एजेंसी।** मोहनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर मोड़ के समीप से पुलिस ने 52 लीटर बीयर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि फतेहपुर आरगा गांव के शंकर कुमार, परवडीह गांव के विक्रम कुमार, टनकुप्पा थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव के रोशन कुमार को बीयर के साथ गिरफ्तार किया गया। बाद में आवश्यक पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

### अन्तरमहाविद्यालय योग प्रतियोगिता अब 24 से

**छपरा,एजेंसी।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय अन्तरमहाविद्यालय योग प्रतियोगिता अब 24 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा निदेशक डॉ राजेश नायक ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले यह प्रतियोगिता 10 अक्टूबर से छपरा के पीसी विज्ञान महाविद्यालय में होनी थी लेकिन अपरिहार्य कारणवश प्रतियोगिता को तत्काल के लिए स्थगित कर दिया गया है और अब 24 अक्टूबर से यह प्रतियोगिता पीसी विज्ञान कॉलेज में ही आयोजित होगी।

### ग्रामीणों ने डीजे सिस्टम का किया विरोध

**दरभंगा ,एजेंसी।** नगर पंचायत भरवाड़ा में बुधवार को ग्रामीणों ने कर्कश आवाज वाले डीजे सिस्टम का विरोध किया। बिना डीजे के ही मनोरम झांकी एवं जयकारे के साथ बेलनौती जुलूस धूमधाम से निकाला गया। मौके पर सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थे। स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष शंभू ठाकुर, मुख्य पार्षद सुनील भारती आदि गणमान्य लोगों ने बताया कि डीजे की कर्कश आवाज से ध्वनि प्रदूषण होता है।

## फॉर्मल ड्रेस पहने टीचर्स ; डीजे और नाच-गाने पर भी बैन

# सरकारी स्कूल में जींस-टीशर्ट पहनने पर रोक : शिक्षा विभाग का निर्देश

**पटना ,एजेंसी।** शिक्षा विभाग ने बिहार के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के जींस-टी-शर्ट पहनने पर रोक लगा दी है। विभाग के निर्देशानुसार अब सरकारी स्कूलों में शिक्षक फॉर्मल ड्रेस में आएंगे। इसके अलावा सरकारी स्कूलों में डीजे, डांस, गाना गाने और रील बनाने पर भी रोक लगाई गई है। इसके लिए शिक्षा विभाग के डायरेक्टर सह अपर सचिव सुबोध कुमार चौधरी ने सभी जिलों के शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा है।

सुबोध कुमार चौधरी ने सभी शिक्षकों को निर्देश जारी करते हुए लिखा कि सोशल मीडिया फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम पर शिक्षकों के डांस करते हुए कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। डीजे, डिस्को समेत अन्य लो लेवल की गतिविधियां स्कूलों में देखी जा रही है। स्कूल में इस तरह का व्यवहार शैक्षणिक माहौल को गलत तरीके से प्रभावित करता है। ऐसे में इसे कहीं से स्वीकार नहीं किया




जा सकता है। इस पर तत्काल रोक लगाई जाए। हालांकि, शिक्षा विभाग ने ये स्पष्ट कर दिया कि सिर्फ शिक्षा कैलेंडर के मुताबिक, विशेष दिनों में ही डांस म्यूजिक आदि का डिसिप्लिन और शालीन तरीके से किया गया कार्यक्रम ही मान्य होगा।

### अब फॉर्मल में स्कूल आएंगे शिक्षक

शिक्षा विभाग के आदेश में आगे कहा गया है कि स्कूलों में शिक्षक और कर्मचारी कैजुअल ड्रेस में स्कूल पहुंच रहे हैं। यह भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने लेटर में साफ कह दिया है कि स्कूलों में शिक्षक टी-शर्ट और जींस में नहीं आएंगे, बल्कि फॉर्मल ड्रेस में स्कूल आएंगे। टी-शर्ट और जींस को बैन किया गया है। निर्देश का उल्लंघन करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी।

आदेश में कहा गया है कि शिक्षक और कर्मचारी को इससे पहले भी निर्देश दिए गए थे। पुराने पत्र का जिक्र करते हुए कहा गया है कि सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन संख्या 394 दिनांक 28 अगस्त 2019 के मुताबिक स्कूलों में व्यवहार करना होगा।

### केके पाठक ने शिक्षा विभाग के कार्यालय में टी-शर्ट और जींस पर लगाई थी पाबंदी

बता दें कि इससे पहले केके पाठक ने शिक्षा विभाग ने अपने कार्यालय में जींस और टी-शर्ट पहनकर आने पर रोक लगा दी थी। इसके लिए बकायदा विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के मुताबिक, शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारियों को अब फॉर्मल ड्रेस में ऑफिस आने के निर्देश दिए गए थे।

## मांझी के बयान पर बोले लोजपा सांसद सिर्फ चिराग ही रामविलास के उत्तराधिकारी



**पटना,एजेंसी।** लोजपा (रामविलास) के सांसद अरूण भारती ने कहा है कि केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी द्वारा पशुपति कुमार पारस को लेकर दिये गये बयान को उनकी पार्टी खारिज करती है। बुधवार को पार्टी दफ्तर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सिर्फ रिश्तेदार होना ही उतराधिकारी होने का पैमाना नहीं होता। पशुपति पारस को मौका मिला था, पर स्वार्थवश उन्होंने पार्टी और परिवार को तोड़ा दिया। स्व. रामविलास पासवान के उतराधिकारी सिर्फ चिराग पासवान हैं। स्व. रामविलास पासवान जी ने अपने रहते हुए चिराग पासवान को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना था। आपको बता दें कि अभी हाल ही में जीतन राम मांझी ने मीडिया से बातचीत में कहा ता कि रामविलास पासवान की रिक्ति को पशुपति पारस ही भर सकते हैं। जीतन राम मांझी दिल्ली में स्वर्गीय रामविलास पासवान की पुण्यतिथि में शामिल हुए थे। यहां रामविलास पासवान को श्रद्धांजलि देने के बाद जीतन राम मांझी ने कहा था कि रामविलास पासवान ने दलितों के लिए राजनीति की थी। उनके जाने के बाद इस कार्यक्रम में शून्यता आ गई है। पशुपति पारस के बारे में जीतन राम मांझी ने कहा था, %रामविलास पासवान तो चले गए लेकिन पशुपति पारस उनके स्वरूप हैं। पारस बाबू से रामविलास पासवान की जो रिक्ति है शायद उसे पूरा किया जा सके।

### पीएम श्री योजना के लिए चुने गए बिहार के 200 से ज्यादा स्कूल, पटना से कितने विद्यालय का चयन



**पटना ,एजेंसी।** पीएम श्री योजना के तहत दूसरे चरण में बिहार के 273 विद्यालयों का अंतिम रूप से चयन किया गया है। इनमें पटना जिले के छह स्कूल शामिल है। यह स्कूल पटना जिले के विभिन्न प्रखंडों के हैं। इनमें बख्तियारपुर, दानापुर, खुशरूपुर, मसौढ़ी, पटना सदर और पालीगंज के स्कूल शामिल हैं। अब इस योजना के तहत इन स्कूलों का कायाकल्प किया जाएगा। स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। आधारभूत संरचना सुदृढ़ की जाएगी। डिजिटल क्लासरूम और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। मालूम हो कि पीएम श्री योजना के दूसरे चरण के लिए राज्यभर के 17046 विद्यालयों को प्रथम रूप से शॉर्टलिस्ट किया गया था। राज्यभर के सभी जिले से स्कूलों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। इस बाबत बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा था। आवेदन के बाद जिला स्तर और राज्य स्तर पर स्कूलों का चयन किया गया। राज्य स्तर पर चयनित स्कूलों का अंतिम रूप से चयन के लिए मंत्रालय भेजा गया। इन स्कूलों का अंतिम रूप से चयन भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय की ओर से किया गया है।

## विसर्जन से पहले मिलता है पुरस्कार

# बंगाली संस्कृति से 91 सालों से मां की आराधना समस्तीपुर में बच्चों के बीच कार्यक्रम का आयोजन

**समस्तीपुर ,एजेंसी।** समस्तीपुर शहर के बहादुरपुर स्थित दुर्गा बारी में पिछले 91 सालों से बंगाली समाज के लोग बंगाली संस्कृति के अनुसार दुर्गा माता की आराधना करते हैं। इस पूजा की खासियत यह होती है कि पूजा का तो लोग आनंद लेते ही हैं, साथ ही बंगाली बच्चों के बीच शैक्षणिक कार्यक्रम भी चलाया जाता है। इसके तहत 3 दिनों तक चित्रकला, शंख वादन, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। दसवीं के दिन इन प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को विसर्जन से पहले उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। दुर्गा बारी बंगाली हिंदू थीएट्रिकल कल्चरल ट्रस्ट के सचिव राणा सरकार ने बताया कि यहां बंगाली संस्कृति और विधि विधान के अनुसार माता की आराधना की जाती है।



हर साल षष्टि की रात में ही माता का पाठ दर्शन के लिए खोल दिया जाता है। पूजा के दौरान चित्रकला के अलावा शंख वादन, डांडिया, नृत्य, जलेबी रेस प्रतियोगिता, फोक डांस मेंहदी प्रतियोगिता बच्चों के बीच मैजिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को दसवीं के दिन विसर्जन से पूर्व उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। नाटक का भी मंचन किया जाता है। इस बार पुरुलिया की टीम नृत्य प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए आ रहे हैं।

### कम खर्चे में पूजा करने की होती है कोशिश

बताया गया है कि दुर्गाबाड़ी में काम से कम खर्चे में पूजा करने का प्रचलन रहा है। इस बार भी 4 से 5 लाख रुपए में पूजा का आयोजन किया जा रहा है। नवमीं के दिन भोग का वितरण होगा।

### पूजा के दौरान ढाक होता है आकर्षण का केंद्र

पूजा समिति प्रत्येक साल बंगाल से ढाक वादन के लिए कलाकारों को बुलाती है, जो पूजा के दौरान आकर्षण का केंद्र बना रहता है। इस साल भी दो ढाक वादक को बुलाया गया है।

# खराब मीटर, बिल गलत होने पर सीजीआरएफ में करें शिकायत

### न तो वकील की जरूरत है, न फीस लगेगी, खुद ही बहस करने की छूट



**पटना ,एजेंसी।** बिजली से जुड़ी समस्या है, समाधान नहीं हो रहा । स्थानीय अधिकारी सुन नहीं रहे हैं तो सीधे उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (सीजीआरएफ) में आवेदन कर दीजिए। यहां अपील के लिए न तो वकील की जरूरत है, न फीस लगेगी। खुद ही बहस करने की छूट भी है। नया इंतजाम यह है कि अब सीजीआरएफ ऑफिस नहीं, अपने डिविजन के सुविधा केंद्र पर भी शिकायती पत्र जमा करने की व्यवस्था हो गई है। राज्य के 20 शहरों में उपभोक्ता निवारण फोरम (सीजीआरएफ) गठित है। यहां ऑन लाइन, ऑफ लाइन आवेदन देने की सुविधा है।

### फैसले से संतुष्ट नहीं है तो क्या करें

सीजीआरएफ के फैसले से उपभोक्ता संतुष्ट नहीं हैं तो बिजली कंपनी मुख्यालय स्थिति ऑम्बड्समैन (विद्युत लोकपाल) के यहां अपील करना होगा। यहां भी कोई फीस और वकील की जरूरत नहीं हैं। सुनवाई के बाद ऑम्बड्समैन द्वारा फैसला सुनाएंगे। इस फैसले से भी संतुष्ट नहीं है तो सीधे हाईकोर्ट जा सकते है।

### आदेश का पालन न हुआ तो क्या करें

यदि सीजीआरएफ ने उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाया है। बिजली कंपनी के अधिकारियों के उसका अनुपालन नहीं कर रहे हैं तो विद्युत विनियामक आयोग में आवेदन दें। यहां फिर सुनवाई होगी। फैसला सुनाया जाएगा। आयोग, सीजीआरएफ का फैसला नहीं मानने पर बिजली कंपनी के अधिकारी के खिलाफ 1 लाख रुपए तक का जुर्माना भी कर सकता है।

### क्या है नई व्यवस्था

बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली कंपनी को डिविजन में स्थापित सुविधा केंद्र पर सीजीआरएफ के नाम से आने वाले आवेदनों को रिसीव करने का आदेश दिया है। ताकि, उपभोक्ताओं को आवेदन देने के लिए बिजली कंपनी के सर्किल मुख्यालय जाना नहीं पड़े। केस एडमिट करने के बाद दोनों पक्षों को नोटिस जाएगा। बिजली कंपनी के अधिकारी और उपभोक्ता फोरम के समक्ष पक्ष रखेंगे। सीजीआरएफ में केस एडमिट होने के बाद समाधान के लिए विद्युत कार्यपालक अभियंता को पत्र जाएगा। कार्यपालक अभियंता 7 दिन में जवाब देना होगा। जवाब नहीं आने की स्थिति सीजीआरएफ दोनों पक्षों को नोटिस भेजेगा। सुनवाई की तय तारीख और समय उपभोक्ता अपना पक्ष स्वयं रखेंगे। बुजुर्ग होने की स्थिति में बच्चे भी पक्ष रख सकते हैं।

### 20 जगहों पर कार्यालय

20 जगहों पर उपभोक्ता निवारण फोरम बनाया गया है। यहां की जाने वाली शिकायतों के आवेदन अब डिविजन ऑफिस में लिए जाएंगे।

## मधुमक्खी पालन में किसानों को 75 प्रतिशत तक अनुदान:हर लाभार्थी को मिलेंगे 20 से 50 बॉक्स और छत्ते

**नालंदा ,एजेंसी।** राज्य सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत मधुमक्खी पालन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि शहद उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। नालंदा उद्योग विभाग के सहायक निदेशक राशेक कुमार ने बताया कि मधुमक्खी पालन बेहद ही फायदे वाला रोजगार है। प्रशिक्षण ले चुके किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत सामान्य वर्ग के किसानों को 75 प्रतिशत और अनुसूचित वर्ग के किसानों को 90 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाएगा।

### योजना की मुख्य विशेषताएं

- प्रति यूनिट (बक्सा व छत्ता) लागत 4,000 रुपए निर्धारित।
- जिले में 1500 मधुमक्खी पालन इकाइयों का लक्ष्य।
- प्रत्येक लाभार्थी को 20 से 50 मधुमक्खी बॉक्स और छत्ते दिए जाएंगे।
- योजना का लाभ प्रशिक्षित किसानों को ही मिलेगा

यह योजना किसानों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद साबित होगी। क्षेत्र में आम के बगीचों की अधिकता के कारण मधुमक्खी पालन के लिए अनुकूल वातावरण मौजूद है। साथ ही, यह परागण में सहायक होने के कारण फसल उत्पादन में भी वृद्धि करेगा। आवेदन प्रक्रिया पहले से ही शुरू हो चुकी है। इच्छुक किसान उद्योग विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस योजना से न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के मठ-मंदिरों को लेकर हाई कोर्ट बड़ा फैसला, डीएम के अनुशंसा पर ही बनेगी कमेटी

**पटना।** बिहार के मठ-मंदिरों को लेकर पटना हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। डीएम के अनुशंसा पर ही कोई व्यक्ति ट्रस्टी बनेगा। न्यायमूर्ति राजीव रॉय की एकलपीठ ने प्रहलाद कुमार यादव और अन्य की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई की। पटना के मारूफगंज स्थित बड़ी देवी के प्रबंधक न्यास समिति को पुनर्गठित करने का आदेश जिलाधिकारी और धार्मिक न्यास बोर्ड को दिया है। कोर्ट ने धार्मिक न्यास बोर्ड की कार्यशैली पर नाराजगी भी जताई है। कहा कि बोर्ड आपराधिक छवि के लोगों को न्यासी नियुक्त कर रहा है।




इससे धार्मिक स्थानों की छवि खराब हो रही है। पटना सिटी के मारूफगंज स्थित बड़ी देवी जी मंदिर से संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने ये फैसला सुनाया है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड की ओर से इस मंदिर के संचालन के लिए प्रबंधन न्याय समिति का गठन किया गया था। इसमें ऐसे लोगों को रखा गया था, जिनकी छवि दागदार थी। इसके खिलाफ प्रहलाद कुमार यादव समेत अन्य लोगों ने हाई कोर्ट में अपील दायर की थी। हाई कोर्ट ने मौजूदा प्रबंधन न्यास समिति को भंग करने और फिर से गठित करने का आदेश दिया है। धार्मिक न्यास बोर्ड के साथ साथ पटना के जिलाधिकारी को इस फैसले को अमल में लाने को कहा गया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि मंदिर और मठ के प्रबंधन समिति में लोगों का चयन करने के लिए राज्य सरकार पहले इसके लिए विज्ञापन निकलवाएं। संबंधित जिले के डीएम और अनुमंडल पदाधिकारी इच्छुक नागरिक के आपराधिक इतिहास की पड़ताल कर बोर्ड को अनुशंसा भेजेंगे। उसके आधार पर ही न्यासियों का चयन किया जाएगा।

### बिहार के 7 जिलों में आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट, पटना में छाए रहेंगे बादल विदाई

**पटना।** मौसम विभाग ने आज बिहार के 7 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, पटना में बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, पुरवा हवा की वजह से बिहार के कुछ भागों में मानसून सक्रिय है। इसी कारण कुछ जगहों पर हल्की-फुल्की बारिश हो रही है। हालांकि, 12 अक्टूबर के बाद से बिहार के किसी भी जिले में बारिश की संभावना नहीं है। इस दौरान सभी जिलों में मौसम सामान्य बना रहेगा। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बिहार के कई हिस्सों में मानसून विदा हो चुका है।



अगले दो दिन में मानसून की पूरी तरह बिहार से विदाई हो जाएगी। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 11 अक्टूबर यानी नवमी और 12 अक्टूबर यानी विजया दशमी को लेकर कोई चेतावनी जारी की गई है। इन दोनों दिन के लिए मौसम विभाग ने जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसके अनुसार राज्य के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। बारिश के कोई आसार नहीं हैं। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो मानसून की स्थिति कमजोर रहेगी। इस वजह से राज्य में एक-दो स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई। 36.3 डिग्री सेल्सियस के साथ सीवान सबसे गर्म जिला रहा। वहीं, सबसे कम न्यूनतम तापमान रोहतास में 23.0 डिग्री दर्ज किया गया।

### खराब मीटर, बिल गलत होने पर सीजीआरएफ में करें शिकायत, न तो वकील की जरूरत है, न फीस लगेगी

**पटना।** बिजली से जुड़ी समस्या है, समाधान नहीं हो रहा । स्थानीय अधिकारी सुन नहीं रहे हैं तो सीधे उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (सीजीआरएफ) में आवेदन कर दीजिए। यहां अपील के लिए न तो वकील की जरूरत है, न फीस लगेगी। खुद ही बहस करने की छूट भी है। नया इंतजाम यह है कि अब सीजीआरएफ ऑफिस नहीं, अपने डिविजन के सुविधा केंद्र पर भी शिकायती पत्र जमा करने की व्यवस्था हो गई है। राज्य के 20 शहरों में उपभोक्ता निवारण फोरम (सीजीआरएफ) गठित है। यहां ऑन लाइन, ऑफ लाइन आवेदन देने की सुविधा है। सीजीआरएफ के फैसले से उपभोक्ता संतुष्ट नहीं हैं तो बिजली कंपनी मुख्यालय स्थिति ऑम्बड्समैन (विद्युत लोकपाल) के यहां अपील करना होगा। यहां भी कोई फीस और



वकील की जरूरत नहीं हैं। सुनवाई के बाद ऑम्बड्समैन द्वारा फैसला सुनाएंगे। इस फैसले से भी संतुष्ट नहीं है तो सीधे हाईकोर्ट जा सकते है। यदि सीजीआरएफ ने उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाया है। बिजली कंपनी के अधिकारियों के उसका अनुपालन नहीं कर रहे हैं तो विद्युत विनियामक आयोग में आवेदन दें। यहां फिर सुनवाई होगी। फैसला सुनाया जाएगा। आयोग, सीजीआरएफ का फैसला नहीं मानने पर बिजली कंपनी के अधिकारी के खिलाफ 1 लाख रुपए तक का जुर्माना भी कर सकता है।

### पटना में अवैध पोस्टर-बैनर हटाए जाएंगे, वार्डों में 20-20 स्ट्रीट लाइट लगेंगी

**पटना।** पटना शहर में लगे अवैध बैनर-पोस्टर और होर्डिंग्स हटाए जाएंगे। इसके लिए नगर निगम सर्वे कराएगा। भले ही निगम प्रशासन जुर्माना नहीं कर सकता, लेकिन शहर को व्यवस्थित रखने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। बुधवार को निगम बोर्ड की बैठक में इस पर सर्वसम्मति से मुहर लगी। पार्षदों द्वारा यह मुद्दा उठाए जाने के बाद नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि अभी सरकार की ओर से विज्ञापन नीति को लागू नहीं किया गया है। इसलिए जुर्माना नहीं कर सकते, लेकिन हटा सकते हैं। जल्द ही सर्वे कराकर कार्रवाई शुरू होगी। इस दौरान 25 से अधिक वार्ड पार्षदों ने अपने क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट खराब होने और इनकी मरम्मत नहीं होने की शिकायत की। इस पर नगर आयुक्त ने सभी वार्डों को 20-20 अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट देने और 2-3 दिन में लगाने का आश्वासन




दिया। बैठक के दौरान करीब 11 अन्य एजेंडों को चर्चा के बाद मंजूरी दी गई। निगम की ओर से सभी वार्ड पार्षदों को प्रत्येक वर्ष 1-1 करोड़ रुपए दिए जाते हैं। इस योजना की अगली किस्त छठ बाद दी जाएगी, लेकिन पार्षदों को पहली किस्त का पूरा हिसाब देना होगा। पहले की राशि खर्च करने के बाद ही अगली राशि दी जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री शहरी समग्र योजना के तहत 120 करोड़ से बन रही जर्जर सड़कों को बनाने पर भी सवाल उठाए गए। लेकिन इस योजना पर किसी तरह की रोक लगाने के प्रस्ताव को नगर आयुक्त ने खारिज कर दिया। अभी तक निगम में कई निर्माण योजनाओं के लिए पहले प्रशासनिक स्वीकृति दी जाती थी। इसके बाद राशि दी जाती थी। नगर आयुक्त ने बताया कि अब राशि उपलब्ध रहने के बाद ही जीर्ण-शीर्ण समेत अन्य परियोजनाओं के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिलेगी।

# 80 फीट का रावण, 75 फीट का होगा कुंभकरण

♦ **रावण वध की तैयारी पूरी, शाम 4:30 बजे से शुरू होगा कार्यक्रम, निकलते समय खुले रहेंगे गांधी मैदान के सभी गेट**





**एजेंसी, पटना।**

पटना के गांधी मैदान में दशहरा कमिटी की ओर से रावण वध की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस बार रावण की ऊंचाई हर बार से अधिक 80 फीट, मेघनाद की ऊंचाई 75 फीट और कुंभकरण की ऊंचाई 70 फीट है। रावण, मेघनाद, कुंभकरण का दहन इको फ्रेंडली पटाखों से होगा। 12 अक्टूबर, शनिवार को कार्यक्रम शाम 4:30 बजे से शुरू हो जाएगा। इस दौरान गांधी मैदान के गेट नंबर 4,5,6,7,8,10 और 12 से एंट्री होगी। वहीं निकलते समय गांधी मैदान के सभी गेट खुले रहेंगे यानी सभी गेट से एग्जिट होगा। 18 हाइटेक एंबुलेंस की व्यवस्था रहेगी। आस-पास के सभी प्राइवेट और सरकारी अस्पताल को अलर्ट मोड पर रखा गया है। मेडिकल और अग्निशमन की टीम भी मौके पर तैनात रहेगी।

**बजरंग बली का भव्य रोड शो होगा:** दशहर कमेटी की सदस्य सुषमा साहू, कमल नोपानी, मुकेश नंदन ने बताया कि पूरे भारत में पटना के गांधी मैदान का रावण दहन खास होता है। सबकी निगाहें रावण दहन पर होती है। इसलिए इसी स्तर से तैयारी की गई है। रावण, मेघनाद, कुंभकरण के अंदर इस तरह के केमिकल का इस्तेमाल किया गया है, जिस पर बारिश का भी प्रभाव नहीं होगा। पानी नीचे फिसल जाएगा। बजरंगबली की एंट्री भी इस बार खास होने वाली है। हवा में उनकी एंट्री होगी। इससे पहले पटना की सड़कों पर भी बजरंग बली का भव्य रोड शो होगा। इसकी भी तैयारी कर ली गई है।

**ऑबस्ट्रेक्शन को दूर करने का निर्देश:** रावण वध के मौके पर SSP राजीव मिश्रा ने कहा कि किसी व्यवस्था के चलते अव्यवस्था नहीं हो जाए इसका विशेष तौर पर ध्यान रखना है, अगर अव्यवस्था उत्पन्न हो रही हो तो इस परिस्थिति में अपने स्व विवेक से पुलिस पदाधिकारी फैसला लें। ताकि सब कुछ स्मूदली चलता रहे। SSP ने गांधी मैदान के आस-पास हर तरीके के ऑबस्ट्रेक्शन को दूर करने का निर्देश गांधी मैदान थानेदार को दिया है। गांधी मैदान के गेट नंबर 10 पर प्रेशर कम रहे, रौशनी की पर्याप्त व्यवस्था रहे, इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से निर्देश दिया गया है। सभी पदाधिकारी निर्धारित पार्किंग इलाके में ही गाड़ी खड़ी करें।

**गेट पर प्रेशर कम करने का निर्देश:** पटना DM डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि गांधी मैदान के कार्यक्रम के लिए विशेष प्रोटोकॉल बनाया गया है। इसका ध्यान रखना है। निकलते समय काफी प्रेशर होता है। अगर कोई गिर गया तो उसे उठने का मौका भी नहीं मिलेगा। इसलिए हर प्रकार के ऑबस्ट्रेक्शन का ख्याल रखना है। सबसे ज्यादा प्रेशर गेट नंबर 4, 7,10, और 12 पर प्रेशर रहता है। एंट्री और एग्जिट स्मूथ रहे इसका विशेष ख्याल रखना है। प्रशासन की गाड़ी अवरोध उत्पन्न नहीं करें, इसका ख्याल रखें।

### पटना में गैंगरेप के बाद मर्डर, 6 महीने बाद FIR

# मां बोली-आरोपी बेटे से कहते हैं बहन का रेप कर मार डाला, तू भी नहीं बचेगा

**एजेंसी, पटना।**

पटना में पुनपुन थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की की गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गई। घटना 18 अप्रैल 2024 की है, लेकिन वारदात के 6 महीने बाद केस दर्ज हो पाया। केस दर्ज कराने के लिए मां 6 महीने तक थाने का चक्कर लगाती रही, पर किसी ने नहीं सुनी। थक-हारकर उसने राष्ट्रपति, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री को ईमेल करने के साथ एक्स पर शिकायत की। इसके बाद 8 अक्टूबर 2024 को पुनपुन थाने में केस दर्ज किया गया है। गांव के ही रवि कुमार, गौरीशंकर, ओम दास और रामलखन दास पर हत्या-रेप का आरोप है। मुखिया नागा राम पर आरोप है कि पुलिस पर दबाव बनाकर केस दर्ज नहीं होने दिया। अब पुनपुन थाने की पुलिस छानबीन के लिए मौके पर पहुंची। पीड़ित मां का कहना है कि आरोपी मेरे बेटे को फोन कर कहते हैं कि तुम्हारी बहन का रेप कर मार दिया अब तुझे भी मार देंगे।



**3 लोगों ने बेटी के साथ की हैवानियत:** महिला ने बताया कि मेरे पति की दिमागी हालत ठीक नहीं है। वर्ष 2019 में पुनपुन के एक गांव में जमीन खरीद कर मकान बनवाया था। जहां अपने बच्चों के साथ खुशी-खुशी रह रही थी। इस बीच गांव के ही रवि कुमार, गौरी शंकर, ओम दास, राम लगन दास समेत कुछ लोग मकान बेचकर जाने का दबाव बनाने लगे। लड़की की मां का कहना है कि 'मेरी बेटी की उम्र 11 वर्ष थी। रोज ट्यूशन पढ़कर सुबह 11 बजे तक घर आ जाती थी। घटना वाले दिन 11 अप्रैल को मैं सब्जी बेचनी गई थी। इस बीच रवि कुमार, गौरी शंकर दास और ओम दास ने मेरे घर में घुसकर बच्ची के साथ गैंगरेप किया और उसके बाद उसकी हत्या कर दी। आरोपी के पिता राम लगन दास ने मुझे दोपहर में सूचना दी कि बेटी ने फांसी लगा ली है। आनन-फानन में घर पहुंची। देखा की बेटी फंदे से लटकी नहीं है, बल्कि घर के बाहर गली में मृत पड़ी हुई है।'

**मेरे बेटे की भी हत्या की धमकी दी:** उन्होंने आगे कहा कि 'बेटी के गले, पैर और प्राइवेट पार्ट पर जख्म के निशान थे। यह देखकर मैं बेसुध हो गई। तत्कालीन मुखिया नागा राम ने मेरे पति और मेरे इकलौते बेटे की भी हत्या की धमकी दी। डर से मैंने गुलबी घाट पर पति के सामने बेटी के शव को परवाह कर दिया। इस घटना के बाद पुनपुन थाना जाकर आवेदन दी, लेकिन पुलिस ने आवेदन लेने से मना कर दिया। चौकीदार ने भी मामला दबाने के लिए मुझे धमकी दी। मुखिया ने ही केस दर्ज नहीं होने दिया। यहां तक पोस्टमार्टम भी नहीं करवाने दिया।' 21 अप्रैल को सभी मेरे घर में घुस गए। सोने के जेवर और 11 हजार कैश लेकर फरार हो गए। इसकी भी शिकायत थाने में की, पर मुखिया ने केस दर्ज होने नहीं दिया।

# झारखंड में 10 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी, मांझी- एनडीए में बात चल रही है, चुनाव जरूर लड़ेंगे

**एजेंसी, पटना।**

केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी की पार्टी हम(सेक्युलर) झारखंड में 10 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी की क्या भूमिका होगी, इस सवाल पर पटना में उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले चतरा में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की थी। जहां हमने 10 सीटों पर लड़ने की घोषणा की थी। हमलोग अभी एनडीए में हैं। चर्चा चल रही है। जो सीट मिलेगी, उस पर लड़ेंगे। लेकिन, चुनाव जरूर लड़ेंगे।

**हमलोग चूहा खाने वाले लोग हैं-** वहीं, आरजेडी नेता तेज प्रताप यादव के चूहा वाले बयान पर कहा कि उनके यहां का चूहा हमारे यहां आते रहता था। हमलोग उसको खा गए। हमलोग चूहा खाने वाले लोग हैं। अगर और चूहा है तो भेज दीजिए।

**तेजस्वी अस्वस्थ हो गए हैं-** सीएम नीतीश कुमार के हेल्थ को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान पर भी मांझी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव डॉक्टर हैं क्या? अगर डॉक्टर के दृष्टिकोण से वो बताते हैं तो इस पर कुछ भी नहीं कहना है। जहां तो सीएम का सवाल है, तो कौन सा ऐसा कार्यक्रम नजर आ रहा है कि वो अस्वस्थ लगते हैं। कैबिनेट की बैठक कर रहे हैं। लगातार काम कर रहे हैं। मुझे तो लग रहा है कि तेजस्वी यादव ही अस्वस्थ हो गए हैं।

**पीएम ने कुछ गलत नहीं कहा:** वहीं, पीएम नरेंद्र का बयान कांग्रेस मुसलमानों को डराकर राजनीति करती है। इस पर उन्होंने कहा कि नरेंद्र भाई मोदी जी वर्तमान में



♦ **तेज प्रताप पर बोले- और चूहा है तो भेज दीजिए**

अलौकिक शक्ति से परिपूर्ण हैं। हिंदुस्तान और भारत की सेवा कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस वालों ने क्या नारा दिया था। सबको पता है। विदेश में जाकर हिंदुस्तान के बारे में भ्रम फैला रहे हैं। ये सब राष्ट्रभक्ति नहीं है। उन लोगों की बात कोई भरोसा नहीं है। पीएम ने जो कहा है वो ठीक ही है।

**रतन टाटा के निधन पर दुख जताया:** उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर कहा कि हमलोग दुखी हैं। हिंदुस्तान के अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। ऐसे उद्यमी के जाने से बड़ा धक्का लगा है। आज के समय में देशभक्ति और समाज सेवा रतन टाटा से सीखने की जरूरत है।

# बाढ़ NTPC में कर्मचारियों का प्रदर्शन, 40 कर्मचारियों को काम से निकालने का कर रहे हैं विरोध

**एजेंसी, पटना।**

### कहा- उन्हें पेमेंट भी नहीं मिला, मैनेजमेंट बात करने को तैयार

बाढ़ अनुमंडल के NTPC प्लांट के अंदर पेटी कांन्ट्रेक्टर दुशान कंपनी में कार्यरत सैंकड़ो कर्मचारियों ने लेबर गेट पर धरना दिया। कर्मचारियों का कहना है कि दुशान कंपनी के 40 कर्मचारियों को काम से निकाल दिया गया है। इसके बावजूद उनके अकाउंट में आज तक पेमेंट नहीं भेजा गया है। दूशान कंपनी के सैकड़ो कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर लेबर गेट पर खड़ा होकर प्रदर्शन किया।

**गेट पास होने के बावजूद कर्मचारियों को रोका:** NTPC में कार्यरत दुशान कंपनी के कर्मचारियों ने कहा कि गेट पास होने के बावजूद उन्हें अंदर जाने से रोक दिया गया है। 40 कर्मचारियों का फाइनल हिसाब कर दिया गया है और उन्हें काम से



निकाल दिया गया है। इसको लेकर कंपनी में काम कर रहे सभी कर्मचारी एकजुट होकर प्रदर्शन करने लगे और निकाले गए कर्मचारियों को पेमेंट करने की मांग की। उनमें से एक कर्मचारी ने यह भी आरोप लगाया कि उसे मृत घोषित कर कई महीनों से उसका वेतन रोक दिया गया है। लगभग डेढ़ साल से पीएफ का पैसा भी नहीं निकाल पा रहा है और दफ्तर का चक्कर लगाते-लगाते थक चुका है। वहीं कई कर्मचारी 12-12 घंटे तक काम कराने को लेकर भी शिकायत करते नजर आए।

**बातचीत से समस्या का समाधान हो सकता है:** NTPC अधिकारी का कहना है कि कर्मचारियों का हिसाब श्रम कानून के नियमों के तहत कर दिया गया है। इसके बावजूद कर्मचारी हंगामा कर रहे हैं। मैनेजमेंट उनके साथ बात करने के लिए तैयार है। अगर वो शांतिपूर्ण तरीके से आते हैं तो बातचीत से समस्या का समाधान हो सकता है।

# बिहार से हर साल 5 करोड़ लोग पलायन करते हैं



**एजेंसी, पटना।**

**तेजस्वी बोले- NDA सरकार में डराने वाले आंकड़े, नित्यानंद का जवाब- जंगलराज में सबसे ज्यादा पलायन**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पलायन को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, 'केंद्र सरकार के मुताबिक बिहार से 5 करोड़ लोग हर साल पलायन करते हैं। 20 वर्षों की नीतीश-बीजेपी सरकार में पलायन के आंकड़े भयावह हैं। डबल इंजन की सरकार में एक भी उद्योग नहीं लगा। हमारी सरकार बनने पर श्रमवीरों को बिहार में ही काम देंगे।' तेजस्वी यादव के बयान पर बीजेपी के सीनियर नेता और केंद्रीय राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, 'बिहार में सबसे ज्यादा पलायन जंगलराज की सरकार में हुआ। लालू शासनकाल में लोग अपनी जान और प्रतिष्ठा बचाने के लिए बाहर गए थे। एनडीए की सरकार बनने के बाद पिछले 20 सालों में बिहार में पलायन पहले से काफी कम हुआ है। तेजस्वी यादव सफेद झूठ बोल रहे हैं।' तेजस्वी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, 'केंद्र सरकार द्वारा संसद में दिए गए आंकड़ों के अनुसार प्रतिवर्ष बिहार से लगभग 3 करोड़ लोग पलायन करते हैं। ये वो आंकड़े है जो श्रम विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत हैं। एक अनुमान के अनुसार बिहार से लगभग 5 करोड़ लोग प्रतिवर्ष अस्थायी नौकरी-रोजगार के लिए पलायन करते हैं। 20 वर्षों की नीतीश-बीजेपी सरकार में पलायन के आंकड़े भयावह है। 20 वर्षों में NDA सरकार ने बिहार में उद्योग-धंधे लगाने की दिशा में सकारात्मक कार्य नहीं किए। मुख्यमंत्री कहते हैं कि बिहार में समुद्र नहीं, इसलिए हम उद्योग नहीं लगवा पाएंगे, लेकिन इच्छाशक्ति के बल पर हमारे 17 महीनों के कार्यकाल में राजद अधीन उद्योग विभाग ने निवेशकों से 50 हजार करोड़ के एमओयू साइन करवाए। हमारी सरकार बनने पर बिहार के श्रमवीरों को बिहार में ही काम देंगे। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां, औद्योगिक क्लस्टर एवं उद्योग-धंधे स्थापित करेंगे तथा सबको अपने गृह राज्य बिहार में ही काम मिलेगा।' बिहार से हर साल लगभग 2.9 करोड़ लोग काम की तलाश में दूसरे राज्य में पलायन कर रहे हैं। यह राज्य की कुल आबादी यानी 13 करोड़ का लगभग 20 प्रतिशत है। इसकी जानकारी केंद्र सरकार की तरफ से दी गई है। दरअसल, राजद से राज्यसभा सांसद संजय यादव ने इस संबंध में सवाल पूछा था। सवाल के जवाब में केंद्रीय श्रम, रोजगार मंत्री की तरफ से बताया गया है कि 26 जुलाई 2024 तक ई-श्रम पोर्टल पर लगभग 29.83 करोड़ मजदूरों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है।

# बिहार के सरकारी स्कूलों में जींस-टीशर्ट पहनने पर होगा एक्शन, शिक्षा विभाग का निर्देश फॉर्मल ड्रेस में आएं टीचर

**एजेंसी, पटना।**

शिक्षा विभाग ने बिहार के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के जींस-टी-शर्ट पहनने पर रोक लगा दी है। विभाग के निर्देशानुसार अब सरकारी स्कूलों में शिक्षक फॉर्मल ड्रेस में आएंगे। इसके अलावा सरकारी स्कूलों में डीजे, डांस, गाना गाने और रील बनाने पर भी रोक लगाई गई है। इसके लिए शिक्षा विभाग के डायरेक्टर सह अपर सचिव सुबोध कुमार चौधरी ने सभी जिलों के शिक्षा पदाधिकारी (DEO) को पत्र लिखा है। सुबोध कुमार चौधरी ने सभी शिक्षकों को निर्देश जारी करते हुए लिखा कि सोशल मीडिया फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम पर शिक्षकों के डांस करते हुए कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। डीजे, डिस्को समेत अन्य लो लेवल की गतिविधियां स्कूलों में देखी जा रही है। स्कूल में इस तरह का व्यवहार शैक्षणिक माहौल को गलत तरीके से प्रभावित करता है। ऐसे में इसे कहीं से स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इस पर तत्काल रोक लगाई जाए। हालांकि, शिक्षा विभाग ने ये स्पष्ट कर दिया कि सिर्फ शिक्षा कैलेंडर के मुताबिक,




विशेष दिनों में ही डांस म्यूजिक आदि का डिसिप्लिन और शालीन तरीके से किया गया कार्यक्रम ही मान्य होगा।

**अब फॉर्मल में स्कूल आएंगे शिक्षक:** शिक्षा विभाग के आदेश में आगे कहा गया है कि स्कूलों में शिक्षक और कर्मचारी कैजुअल ड्रेस में स्कूल पहुंच रहे हैं। यह भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने लेटर में साफ कह दिया है कि स्कूलों में शिक्षक टी-शर्ट और जींस में नहीं आएंगे,

### नाच-गाने और रील बनाने पर भी रोक

बल्कि फॉर्मल ड्रेस में स्कूल आएंगे। टी-शर्ट और जींस को बैन किया गया है। निर्देश का उल्लंघन करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी। आदेश में कहा गया है कि शिक्षक और कर्मचारी को इससे पहले भी निर्देश दिए गए थे। पुराने पत्र का जिक्र करते हुए कहा गया है कि सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन संख्या 394 दिनांक 28 अगस्त 2019 के मुताबिक स्कूलों में व्यवहार करना होगा।

**केके पाठक ने शिक्षा विभाग के कार्यालय में टी-शर्ट और जींस पर लगाई थी पाबंदी:** बता दें कि इससे पहले केके पाठक ने शिक्षा विभाग ने अपने कार्यालय में जींस और टी-शर्ट पहनकर आने पर रोक लगा दी थी। इसके लिए बकायदा विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के मुताबिक, शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारियों को अब फॉर्मल ड्रेस में ऑफिस आने के निर्देश दिए गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

# बाइक चोर गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

» पांच बाइक के साथ चार अपराधी गिरफ्तार



**चा ० भूमि ,जयनगर/मधुबनी**। मधुबनी जिले के जयनगर में जयनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विप्लव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए कहा कि कुछ शातिर/माहिर बाइक चोर गिरोह का जयनगर पुलिस ने पर्दाफाश किया गया है। फिर उन्होंने आगे जानकारी देते हुए कहा कि जयनगर थाना क्षेत्र से बाइक चोरी के मामले में चार बाइक चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है और साथ ही जेल भेज गया है। आगे जानकारी के मुताबिक बाइक चोरों के पास से पांच बाइक चोरी की बरामद की गई है। जिसका खुलासा आज जयनगर थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डीएसपी ने आगे कहा कि गुप्त सूचना मिली थी, कि ग्राम बेलही स्थित कुन्दन यादव के घर पर कुछ अपराधकर्मी एकत्रित हुए है। इस जानकारी के अनुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयनगर के निर्देशन में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अंकुर कुमार के द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए एक टीम का गठन किया गया। आगे बता दें कि ग्राम बेलही स्थित कुन्दन यादव के घर पर पुलिस के द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। जिसके क्रम में कुन्दन यादव के घर से चोरी का दो मोटरसाईकिल एवं कुन्दन यादव, बलराम पासवान, मनोज कुमार साह को उसी वक्त गिरफ्तार कर लिया गया तथा कुन्दन यादव के द्वारा बताए गए निशानदेही पर रंजीत कुमार साह के घर पर पुलिस टीम का गठन कर आगे की छापामारी किया गया, जिसमें चोरी की तीन मोटरसाईकिल और बरामद हुआ तथा रंजीत कुमार साह को भी उसी वक्त गिरफ्तार कर लिया गया। इस संदर्भ में जयनगर थाना में दर्ज कांड संख्या- 296/24 दिनांक- 08/10/2024 धारा- 317(5)/3(5) बी.एन.एस. के अन्तर्गत दर्ज किया गया है। इस छापामारी दल में शामिल प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष जयनगर अंकुर कुमार, एसआई शेषनाथ प्रसाद, संतोष कुमार, सिपाही अशोक कुमार सिंह, रितेश कुमार, अशोक मालाकार, रमण राज सहित अन्य पुलिस कर्मी थे।

## भाकपा माले 16अक्टूबर से करेंगी "बदलो बिहार, न्याय पद यात्रा" का शुभारम्भ

» विधायक बिरेन्द्र गुप्ता ने कहा स्मार्ट मीटर बना खून चुस्क यंत्र बन चुका है और सरकार जमीन सर्वे कराने के बहाने गरीबों की जमीन हड़पना चाहती है



**चा० भूमि संवाद सूत्र**। भाकपा माले 16 अक्टूबर 2024 से भितिहारवा गांधी आश्रम से "बदलो बिहार, न्याय पद यात्रा" का शुभारम्भ करेंगी। यह जानकारी भाकपा माले के सिकटा विधायक वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने गुरुवार को गौनाहा प्रखंड के बनबैरिया गांव मे जिला कमिटी के दो दिवसीय बैठक के समापन भाषण मे दी । उन्होने कहा कि भितिहारवा गांधी आश्रम से शुभारम्भ होने वाले पद यात्रा की रुपरेखा तैयार कर ली गयी है। पदयात्री भितिहारवा गांधी आश्रम से 16 अक्टूबर को गांधी की प्रतिमा पर सुबह 8 बजे माल्यार्पण कर एक घंटे सभा करने के उपरांत 9 बजे से प्रस्थान करेंगे। बेलवा व पचरूखिया चौक पर भाकपा माले द्वारा सभा के पश्चात शाम 4बजे नरकटियागंज भगत सिंह चौक पर डबल इंजन के सरकार के खामियों पर सभा आयोजित की जाएगी । पदयात्रा का नेतृत्व भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव, अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला (ऐपवा) एसोसियेसन की नेत्री मीणा तिवारी, विधायक वीरेन्द गुप्ता, किसान महासंघ के नेता सुनील राव, इंसाफ मंच के नेता फरहान राजा, प्रभुदेव यादव, दिनेश कुशवाहा आदि नेता करेंगे। पदयात्री बेतिया मोतिहारी होते हुए 25 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। वीरेन्द्र गुप्ता ने समापन भाषण मे कहा कि स्मार्ट मीटर बिहार मे खून चुस्क यंत्र बनकर रह गया है। डबल इंजन कि सरकार जमीन का सर्वे कराकर गरीबों को जमीन से बेदखल करना चाहती है। अन्य वक्ताओ मे लालजी यादव, नंदकिशोर महतो, रामेश्वर मांझी, नंदू मुखिया, घनश्याम मुखिया, मनोज बैठा आदि शामिल थे।

## अपनी ही पत्नी की गला रेत कर हत्या करने वाला पति गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि मोतिहारी I**गुप्त सूचना मिला कि लखौरा थानांतर्गत ग्राम झिटकहिया में एक व्यक्ति अपनी ही पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दिया है। वही गुप्त सूचना के सत्यापन के दौरान पुलिस द्वारा मृतिका की पति संतोष सहनी को गिरफ्तार किया गया है। मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटनास्थल से घटना में प्रयुक्त खून से सना हुआ लोहे का दाब बरामद किया गया है। वही लखौरा थाना द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। वही छापामारी टीम मे जितेश पाण्डेय अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02, पु०अ०नि० पकज कुमार थानाध्यक्ष लखौरा,परि०पु०अ०न० अंकित कुमार अपर थानाध्यक्ष लखौरा, सशस्त्र बल लखौरा मौजूद थे I

# खुटौना सीएचसी में प्रसव के दौरान रिश्वत मांगने का मामला आया सामने

» प्रसव के बाद बच्चा मरा, थप्पड़ मारने और गाली गलौज का आरोप, जांच कमिटी हुई गठित

**चा ० भूमि ,खुटौना/मधुबनी**



खुटौना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक गंभीर मामला सामने आया है। जिसमें एक महिला ने आरोप लगाया है कि प्रसव के दौरान एएनएम मौसमी कुमारी ने उससे पैसे मांगे। आगे पीड़ित महिला का कहना है कि एएनएम ने प्रसव के लिए मुझसे 500/- रुपये की मांग की और उसके बाद में 10,000/- रुपये की। पीड़िता के अनुसार, जब उसने पैसे देने से मना किया तो एएनएम ने उससे अभद्र व्यवहार किया और प्रसव में देरी किया गया। आगे महिला का आरोप है कि एएनएम ने उसे थप्पड़ भी मारा और बच्चे के जन्म के बाद उसे रेफर भी कर दिया गया। दुर्भाग्य से, बच्चा जन्म के तुरंत बाद मर भी गया। जिससे पीड़िता ने इस मामले की शिकायत सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से की है और उन्होंने मांग की है कि एएनएम मौसमी कुमारी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। आगे आपको बता दें कि इस मामले में पीड़िता ममता कुमारी ने कहा की वह 04 अक्टूबर 2024 दिन शुक्रवार को रात के 11:00 बजे प्रसव के लिए खुटौना सीएचसी में पहुंची थी। प्रसव कक्ष में मौजूद एएनएम मौसमी कुमारी ने उससे 500/- रुपये दवा के नाम पर लिए। इसके बाद, जब पीड़िता को प्रसव पीड़ा हुई तो एएनएम ने उससे 10,000/- रुपए की मांग की और प्रसव करने से इनकार कर दिया। इसके बाद मौसमी कुमारी ने पीड़िता को थप्पड़ भी मारा और गली भी दी। वहीं पीड़िता के परिजन चंद्रकांता देवी के अनुसार, मौसमी कुमारी केवल पैसे देने वाले मरीज को ही देखती है। चंद्रकांता देवी के अनुसार, एएनएम मौसमी कुमारी का पदस्थापन स्थान एकहत्था प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में है। लेकिन वह खुटौना सीएचसी में पैसे कमाने के लिए आती रहती है। इस बाबत मीडिया के सवालों का जवाब खुटौना के सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विजय मोहन केसरी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत आई है और उन्होंने मामले को लेकर कहा की पीड़िता 11:00 बजे रात में प्रसव पीड़ा को लेकर आई थी। प्रसव के बाद काफी प्रयास के बाद भी बच्चा रोया नहीं, तो उसे रेफर कर दिया गया था। वहीं रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. पीतांबर साह ने बताया कि अभी मौसमी कुमारी के खिलाफ उचित देखभाल न करने और उपस्थित डॉक्टर द्वारा स_ समय रेफर नही करने की शिकायत मिली है। आगे स्वास्थ्य विभाग इस मामले की जांच करेगा और मामले को लेकर एक जांच कमिटी भी बना दी गई। यदि जांच में एएनएम मौसमी कुमारी या जो कोई भी दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ विभागीय कारवाई जरूर होगी। आगे बता दें हम बता दें कि यह मामला इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह स्वास्थ्य सेवाओं में भ्रष्टाचार का एक उदाहरण है। यह दिखाता है कि कैसे कुछ स्वास्थ्य कर्मचारी गरीब और असहाय लोगों का फायदा उठाते हैं और इस मामले से यह भी पता चलता है कि हमारे सरकारी अस्पतालों में मरीजों को किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# सर्विस लेन रोड पर चला नगर परिषद का बुल्डोजर



**चाणक्य भूमि बगहा**

» माईकिंग के माध्यम से अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण खाली करने की अपील भी की गई

**बगहा**। बगहा शहर में नगर परिषद टीम के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।नगर परिषद के बुल्डोजर की धमक भी दिखाई पड़ी।मंगलवार को बगहा शहर मे सर्विस लेन रोड पर बुलडोजर चला कर अतिक्रमण को हटाया गया।गौरतलब है कि सड़क पर बड़े पैमाने पर लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था,जिसे देखते हुए नगर कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा व स्वच्छता पदाधिकारी अब्दुल बाकी के साथ अवैध कब्जाधारियों पर प्रशासनिक डंडा चलाया गया।इस दौरान जेसीबी मशीन के माध्यम से सड़क के दोनों किनारे अतिक्रमण को हटवाया गया और सख्त हिदायत अधिकारियों के द्वारा दी गई।वही बगहा बाजार व सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बगहा - 01 के समीप आदि जगहों पर अतिक्रमण हटाया गया और माईकिंग के माध्यम से अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण खाली करने की अपील भी की जा रही थी। नगर कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा ने बताया कि यह अभियान कई चरणों मे शहर के अलग-अलग जगहों में चलेगा। नप ईओ ने कहा कि माइकिंग भी शहर में कार्रवाई जा रही है।इस मौके पर नप स्वच्छता पदाधिकारी अब्दुल बाकी,राकेश रौशन,कुंदन कुमार,संजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे

# राज्य स्तरीय विद्यालय कबड्डी और कुश्ती प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा पश्चिम चंपारण

**चा० भूमि बेतिया**

» तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक मे सभी तैयारियां ससमय कराने का निर्देश

» इस प्रतियोगिता में बिहार के लगभग 1350 खिलाड़ी व उनके टीम प्रबंधक तथा कोच शिरकत करेंगे

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण बिहार तथा जिला प्रशासन पश्चिम चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय विद्यालय कबड्डी आयु वर्ग अंडर-19 बालक की प्रतियोगिता दिनांक 15 -20 अक्टूबर 2024 तथा कुश्ती आयु वर्ग अंडर 17, 19 ग्रीको रोमन पद्धति बालक की प्रतियोगिता दिनांक 18-20 अक्टूबर 2024 तक क्रमशः महाराजा स्टेडियम एवं इंडोर बैडमिंटन हॉल बेतिया में आयोजित की जाएगी।

राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में बिहार प्रदेश के 38 जिले के लगभग 550 खिलाड़ी व 76 टीम प्रबंधक, टीम कोच तथा कुश्ती प्रतियोगिता में 800 खिलाड़ी व 76 टीम प्रबंधक, टीम कोच शिरकत करेंगे। कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य समारोह स्थल महाराजा स्टेडियम में दिनांक 15 अक्टूबर तथा कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य समारोह स्थल इंडोर बैडमिंटन हॉल बेतिया में दिनांक 18 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा।

इसके सफल आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने समीक्षात्मक बैठक की तथा जिला खेल पदाधिकारी को प्रतियोगिता से संबंधित सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने का दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी के प्रभाव में आकर पक्षपात नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को आयोजन स्थल पर प्रतिदिन प्राथमिक उपचार करने हेतु मेडिकल टीम व एंबुलेंस सहित दवा की व्यवस्था, नगर आयुक्त नगर निगम बेतिया को साफ-सफाई, चलंत शौचालय, पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

जिला खेल पदाधिकारी, श्री विजय कुमार पंडित ने बताया कि उक्त राज्य स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता महाराजा स्टेडियम बेतिया में तीन ग्रास कोर्ट तथा कुश्ती इंडोर बैडमिंटन हॉल बेतिया में एक कुश्ती मैच पर आयोजित की जाएगी। कबड्डी खिलाड़ियों का आवासन, भोजन व्यवस्था, निबंधन राज इंटर कॉलेज तथा कुश्ती खिलाड़ियों का आवासन, भोजन व्यवस्था, निबंधन टाउन हॉल परिसर स्थित खेल भवन सह व्यायामशाला भवन बेतिया में निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने-अपने आयु वर्ग के विजेता, उपविजेता व पदक प्राप्त खिलाड़ी एवं टीम को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र से नवाजा जाएगा। उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्वलन, झंडोतोलन, बैंड की धुन पर मार्च पास्ट, स्वागत गान, शपथ ग्रहण आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, कार्यपालक अभियंता शहरी विद्युत आपूर्ति, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण प्रमंडल, डीपीआरओ, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक आलोक भारती शिक्षण संस्थान, राज इंटर कॉलेज, एमजेके कॉलेज बेतिया, सचिव जिला कुश्ती व कबड्डी संघ, मनीष कुमार उपाध्यक्ष जिला कुश्ती संघ सह पदक प्राप्त राष्ट्रीय खिलाड़ी, रवि रंजन यादव, राहुल कुमार यादव, मंजय प्रसाद, शैलेश कुमार वरीय खिलाड़ी आदि मौके पर उपस्थित थे।

# मझौलिया में महिला ने शरीर पर कलशा स्थापित कर रचा इतिहास



आरक्षी की पत्नी ज्योति देवी ने शरीर पर रखा कलशा।उपासना का आठवां दिन

**चाणक्य भूमि(कनकलता)**

» कलशा में सम्पूर्ण ब्रह्मांड का होता है निवासःज्योति देवी

» पहली बार किसी महिला ने अपने शरीर पर रखा कलशा

**मझौलिया**। वार्ड 06 स्थित रिलांन्स टावर के निकट माँ दुर्गा की उपासक एक गृहिणी महिला ज्योति देवी( 27) वर्ष ने अपने सीने पर कलश की स्थापना कर भक्ति का एक मिसाल पेश किया है।सप्तमी तिथि को मां गौरी की भक्ति में लीन महिला भक्त ज्योति ने बताया कि शादी से पूर्व ही वह माँ दुर्गा की पूजा आराधना करती थी।इस बार पहली दफे सीने पर कलश स्थापित कर उपासना कर रही है।उनके पति संतोष कुमार सिंह बतौर आरक्षी मीना बाजार के नाका नंबर 04 में पदस्थापित है।मां गौरी की कृपा से महिला दंपति को दो बेटे है।ज्योति देवी बताती है कि कलश को देवी माँ का प्रतीक माना जाता है।इसमें से संपूर्ण ब्रह्मांड का निवास होता है।पूरे नवरात्रि के दौरान देवी माँ की पूजा इस कलश के माध्यम से की जाती है।मन शांत होता है और माता के प्रति विश्वास बढ़ता है।बहरहाल महिला के सीना पर कलश स्थापना महिलाओ के लिए एक मिसाल बना हुआ है।आचार्य पंडित अनुज कुमार पूरे नेम टेम के साथ माँ जगदम्बे की आराधना करा रहे है।

# भवानी पट खुलते ही मझौलिया भवानी मंडप में दर्शन को उमड़ी भीड़





» गुरुवार को डोली पर माता का हुआ आगमन

» पहले दिन माता को सिंदूर चढ़ाने की लगी महिलाओं में होड़

**चाणक्य भूमि(मझौलिया)**

**मझौलिया**।भवानी मंडप मझौलिया में गुरुवार के दिन माता की डोली का आगमन हुआ ।आगमन के साथ ही पट खुला,और माता के दर्शन के लिए भीड़ उमड़ी।आचार्य पंडित विन्ध्वासिनी तिवारी ने बताया कि पूरे विधि विधान और गाजे बाजे के साथ डोली में1 माता का आगमन हुआ।डोली में कंधा लगानेवालों की भीड़ उमड़ी।माता की संयुक्त आरती के साथ पूजन और दर्शन प्रारम्भ हो गया।महिषासुर का बध करते चलंत मूर्ति यहां आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।महिला मंडल बाबू क्वार्टर कॉलनी की महिलाओं ने डोली यात्रा में शामिल लोगों को शर्बत पिलाया।पूजा समिति के सचिव अनिल कुमार सिंह, रंजन पटेल,पार्वती देवी, अजित कुमार, गोलू श्रीवास्तव,रॉकी सिंह, सुधीर शर्मा, अमरेश श्रीवास्तव जितेंद्र साह, आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।शांति व्यवस्था बनाये रखने में मझौलिया पुलिस की अहम भूमिका है।

# पूजा पंडालों में मां महागौरी की हुई पूजा, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**चाणक्य भूमि मैनाटांड़**

शारदीय नवरात्र के आठवें दिन मां दुर्गा के स्वरूप महागौरी की पूजा धूमधाम से की गयी। वहीं पूजा पंडालों अपनी मनोकामना की पूर्ति हेतु भक्तगण मां दुर्गा के चरणों में माथा टेका। प्रखंड के बेलवाडीह माई स्थान,इनरवा बसंतपुर, बिरंची, जबदी, बिरंची, प्रखंड मुख्यालय,मेला चौक,भंटाटांड़,डेलीबाखर आदि जगहों पर बने पूजा पंडालों में मां की पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। बेलवाडीह माई स्थान पर दुर्गा सप्तशती का पाठ करने के लिए भक्तों का तांता लग जा रहा है। आचार्य राजेश पांडेय के द्वारा सप्तशती का पाठ कराया जा रहा है। पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। सभी जगहों पर मजिस्ट्रेट के साथ साथ पुलिस बल प्रतिनियुक्त किये गये हैं। जो पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने में सहयोग कर रहे हैं। बीडीओ दीपक राम, सीओ आशीष आनंद, मैनाटाड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार सहित सभी थानों के पुलिस पदाधिकारी ड्यूटी पर मुस्तैद हैं। मौके पर मदन ठाकुर दलमान यादव प्रेम कुमार हरदेव शाह नंदन कुमार विजय कुमार राजू शर्मा मदन यादव राम लखन शाह भेरूलाल शर्मा नीरज शर्मा ललिता देवी सुनीता देवी ममता देवी अंगूरी कुमारी लीलावती देवी आदि मौजूद रहें।

# सड़क पर जलजमाव को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

» मामला जवकटिया वार्ड एक का

» मदरसा के छात्रों को होती है परेशानी

**चाणक्यभूमि,नानोसती**



**मझौलिया** प्रखंड अंतर्गत जौकटिया वार्ड नंबर एक में सड़क के मुख्य द्वार पर नाला के गंदा पानी लगने से आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारियों में महम्मद इस्लाम,शेख नूरहसन, शेख जमाल अख्तर, शेख तूफान, दुखी साह,लाल मोहन साह,साजन साह,शेख अब्दुल लैश आदि ने बताया कि इस वार्ड के सभी घरों का पानी नाला में गिरता है।परंतु नाला ध्वस्त होने के कारण गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाता है।जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।बताते है कि सबसे कठिनाई सड़क के उस पार मदरसा में पठने वाले छात्र छात्राओं को होता है।ग्रामीणों ने ध्वस्त नाले की मरम्मत कराने की मांग प्रशासन से किया है।

# बिहार के सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने अपनी यूं अंदाज में दी, रतन टाटा को श्रद्धांजलि

**चाणक्यभूमि**




» सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने पीपल के पत्तों में आकृति उकेर, रतन टाटा की दी श्रद्धांजलि

**एस गुप्ता : मोतिहारी**। भारत के दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का निधन से देशभर में शोक की लहर दौड़ गई है। इधर उनकी निधन की खबर सुनकर भावुक हुए देश के चर्चित अंतर्राष्ट्रीय सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने भी अपनी अनोखी कलाकृति से भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने गुरुवार की सुबह में अपनी 3 घंटो के कठीन मेहनत के बाद दुनिया की सबसे छोटी पीपल की पत्तों पर प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा की बेमिसाल तस्वीर उकेर रिप रतन टाटा लिख कर उनके प्रति अपनी भाव प्रकट कर मौन धारण भी की।

सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने मीडिया को बताया कि देश ने आज एक महान उद्योगपति और प्रेरणादायक व्यक्तित्व को खो दिया हैं। प्रसिद्ध उद्योगपति आदरणीय श्री रतन टाटा जी का निधन पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ना सिर्फ़ भारतीय उद्योग जगत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, बल्कि अपने सामाजिक कार्यों से भी अनगिनत बुलंदियों को छुआ है। रतन टाटा एक दरियादिली इंसान थे और मुसीबत में देश के लिए हमेशा तैयार रहते थे। उनकी सादगी, नेतृत्व और दूरदर्शिता हम सभी को प्रेरणा देती रहेगी। बता दें कि रतन टाटा 86 साल के थे। उन्होंने बुधवार की शाम को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब थी। दरअसल, बुधवार की शाम में उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने की खबर आई थी। जिसके कुछ घंटे बाद ही उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। मौके पर उपस्थित दर्जनों शिक्षाविद् प्रबुद्ध लोगों ने भी सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र की कलाकृति की सराहना करते देशहित में महतपूर्ण योगदान के लिए रतन टाटा को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

# दिल्ली में भारतीय टीम की बल्ले-बल्ले, बांग्लादेश को 86 रन के बड़े अंतर से हराया

### टी20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त

**एजेंसी, नई दिल्ली**




भारतीय टीम ने बांग्लादेश को दूसरे टी20 मुकाबले में 86 रनों के बढ़े अंतर से हरा दिया है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 221 रनों का बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 135 रन ही बना सकी। इसी के साथ भारतीय टीम 3 मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का अंतिम मुकाबला 12 अक्टूबर को हैदराबाद में खेला जाएगा। 222 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले दो ओवर में 20 रन बनाने के बाद तीसरे ओवर में पहला विकेट गवां दिया। सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन एमोन को तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने बोल्ड कर दिया। एमोन ने 12 गेंदों पर 16 रन बनाए। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को वाशिंगटन सुंदर ने पवेलियन भेजकर बांग्लादेश को दूसरा झटका दिया। शांतो सात गेंदों पर केवल 11 रन बना पाए। इसके बाद स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर लिटन दास भी आउट हो गए। लिटन ने 11 गेंदों पर 14 रन बनाए। बांग्लादेश का चौथा विकेट तौहीद ह्रदोय के रूप में गिरा। ह्रदोय मात्र दो रन बनाकर आउट हुए। 80 रन के स्कोर पर मेहदी हसन मिराज को रियान पराग ने चलता किया। मिराज 16 गेंदों पर 16 रन बनाकर आउट हुए। तेज गेंदबाज मयंक यादव ने जाकिर अली को आउट कर बांग्लादेश को छठा झटका दिया। जाकिर एक रन बनाकर आउट हुए। वरुण चक्रवर्ती ने रिशाद हुसैन को आउट किया। रिशाद 10 गेंदों पर नौ रन बनाकर आउट हुए। अंत नीतीश रेड्डी ने पहले तंजिम हसन साकिब और फिर महमूदुल्लाह को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इस तरह बांग्लादेश 9 विकेट पर 135 रन ही बना सकी। साकिब ने 10 गेंदों पर 8 रन, महमूदुल्लाह ने 39 गेंदों पर 41 रन बनाए। भारतयी टीम की ओर से नीतीश रेड्डी, वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए। अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, वाशिंगटन सुंदर, अभिषेक शर्मा, मयंक यादव और रियान पराग ने एक-एक विकेट लिए। इसेस पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तेज शुरुआत की। हालांकि तेजी से रन बनाने की कोशिश में पावरप्ले में ही भारत ने तीन विकेट भी गवां गिया। भारतीय टीम ने पावरप्ले में 3 विकेट पर 45 रन बनाए। संजू सैमसन ने 10 रन, अभिषेक शर्मा ने 15 और कप्तान सुर्यकुमार यादव ने 8 रन बनाए। शुरुआती झटकों के बाद नीतीश कुमार रेड्डी और रिंकू सिंह ने पारी को आगे बढ़ाते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की। दोनों के 10 ओवर में टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचा दिया। इसके बाद अपना दूसरा ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहे नीतीश ने करियर का पहला अर्धशतक जड़ दिया। अर्धशतक लगाने के बाद नीतीश 34 गेंदों पर चार चौकों और सात छक्कों की मदद से 74 रन बनाकर आउट हो गए। नीतीश के आउट होने के बाद रिंकू सिंह ने भी अर्धशतक जड़ा। हालांकि वह भी 29 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 53 रन बनाकर आउट हो गए। आखिर में हार्दिक पांड्या ने कुछ बड़े शॉट खेलकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचा दिया। भारतीय टीम ने 9 विकेट पर कुल 221 रनों का स्कोर बना दिया। हार्दिक ने 19 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 32 रन बना। रियान पराग ने 6 गेंदों पर 15 रन, अर्शदीप सिंह 2 गेंदों पर 6 रन बनाए।

# महिला टी20 विश्वकप : श्रीलंका को हरा भारत ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत

### अरुंधति-शोभना को तीन-तीन विकेट

**एजेंसी, नई दिल्ली**




महिला टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम ने अपने तीसरे मैच में श्रीलंका पर जीत हासिल की है। ग्रुप-ए के इस मुकाबले में मिली 82 रन की इस बड़ी जीत के साथ भारतीय टीम ने सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। आज की इस दमदार प्रदर्शन से टीम के नेट रनरेट में भी काफी सुधार हुआ है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 172 रन बनाए थे, जिसके जवाब में श्रीलंका 90 रन ही बना सकी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर के अर्धशतक की बदौलत 172 रन बनाए। मंधाना ने 38 गेंदों में 4 चौकों और 1 छक्के की मदद से 50 रन की पारी खेली। हरमनप्रीत ने 27 गेंदों में 1 छक्के और 8 चौकों की मदद से 52 रन बनाए। वहीं शेफाली वर्मा 43, जेमिमा रॉड्रिग्स 16 और रिचा घोष ने 6 रन बनाए। श्रीलंका के लिए चमाली आटापट्टू और अमा कंचना ही एक-एक विकेट ले सके। 173 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ओवर में ही बिना खाता खोले विश्मी गुनारत्ने पवेलियन लौट गईं। इसके बाद कप्तान चमारी आटापट्टू (एक रन) और हर्शिता समरविक्रमा (3 रन) भी जल्दी ही आउट हो गए। 6 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद कविशा दिलहारी (21 रन) और अनुष्का संजीवनी (20 रन) ने टीम को आधार देने की कोशिश की और चौथे विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी की। इनके बाद सिर्फ अमा कंचना ही 19 रन बना सकीं। बाकी कोई बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को नहीं छू सका। भारत की तरफ से अरुंधती रेड्डी और आशा शोभना ने 3-3 विकेट झटके, जबकि रेणुका सिंह ने 2 और श्रेयंका पाटिल व दीप्ती शर्मा ने 1-1 विकेट लिया। भारतीय टीम ग्रुप स्टेज का अपना आखिरी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।जहां सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय टीम को हर हाल जीत हासिल करनी होगी।

# बांग्लादेश पर जीत के बाद नीतीश कुमार ने कहा-ऐसा प्रदर्शन दोहराना चाहता हूं

**एजेंसी, नई दिल्ली**




बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी 20 में मैच जीताउ प्रदर्शन के बाद, भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने कप्तान सूर्यकुमार यादव और कोच गौतम गंभीर की सराहना की, जिन्होंने उन्हें स्वतंत्रता और निडरता के साथ खेलने दिया। अपने दूसरे ही टी20 मैच में नीतीश ने 74 रनों की धमाकेदार पारी खेली और दो विकेट चटकाए। इससे भारत ने बुधवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में बांग्लादेश पर 86 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। मैच के बाद नीतीश ने कहा कि शुरुआत में उन्होंने समय लिया, लेकिन महमदुल्लाह की नो बॉल के बाद सब कुछ उनके पक्ष में हो गया। उन्होंने कहा, "भारत का प्रतिनिधित्व करना शानदार लगता है, इस पल पर बहुत गर्व है। हर चीज के लिए आभारी हूं। मुझे कप्तान और कोच को श्रेय देना चाहिए। उन्होंने मुझे निडर क्रिकेट खेलने की छूट दी। मैंने शुरुआत में समय लिया, लेकिन उस नो बॉल के बाद सब कुछ मेरे पक्ष में हो गया। भारतीय टीम के लिए खेलना शानदार लगता है। मैं इसी तरह खेलना चाहता हूं। ऐसे अच्छे प्रदर्शन दोहराना चाहता हूं।" मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर अरुण जेटली स्टेडियम में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

## बीसीसीआई समेत खेल जगत के दिग्गज खिलाड़ियों ने रतन टाटा के निधन पर जताया शोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) समेत खेल जगत के दिग्गज खिलाड़ियों ने टाटा समूह के मानद चेयरमैन और प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। बोर्ड ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि बीसीसीआई रतन टाटा जी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करता है। विभिन्न क्षेत्रों में उनके अमूल्य योगदान ने भारत के विकास और सफलता की कहानी को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जुनून, सहानुभूति, दूरदर्शी नेतृत्व, नवाचार और उत्कृष्टता के सिद्धांतों पर आधारित उनकी असाधारण विरासत आने वाले वर्षों में भावी पीढ़ियों को प्रेरित और मार्गदर्शन करती रहेगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने लिखा कि रतन टाटा जी के निधन से बहुत दुख हुआ। उनके नेतृत्व, ईमानदारी और समाज के प्रति समर्पण ने विरासत के लिए एक उल्लेखनीय मानक स्थापित किया। उनके प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। आत्मा को शांति मिले। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर फोटो स्टोरी के माध्यम से पोस्ट करते हुए लिखा कि आप हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे सर। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने रतन टाटा के निधन पर एक्स पर लिखा कि एक ऐसे व्यक्ति जिसका दिल सोने जैसा था। सर, आपको हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद किया जाएगा, जिसने वास्तव में दूसरों की परवाह की और अपना जीवन दूसरों की बेहतरी के लिए जिया।

# हैरी ब्रूक ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किये 3,000 रन

**एजेंसी, नई दिल्ली**




इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपने क्रिकेट करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 3,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे कर लिए हैं। 78 अंतरराष्ट्रीय मैचों और 83 पारियों में, ब्रूक ने 44.64 की शानदार औसत से 3,125 रन बनाए हैं। उनके रिकॉर्ड में सात शतक और 17 अर्द्धशतक शामिल हैं, जो सभी प्रारूपों में उनकी निरंतरता और कौशल को उजागर करते हैं। टेस्ट क्रिकेट में, ब्रूक ने 19 मैच खेले हैं, जिसमें 58.58 की असाधारण औसत से 1,699 रन बनाए हैं। उन्होंने 31 पारियों में छह शतक और नौ अर्द्धशतक लगाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 186 रन रहा है। वनडे में भी उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा है, उन्होंने 20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 39.94 की औसत से 719 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ वनडे स्कोर नाबाद 110 रन है। ब्रूक का टी20आई में भी प्रदर्शन उल्लेखनीय है; उन्होंने 39 मैचों में भाग लिया है, जिसमें उन्होंने 30.73 की औसत और 146 से अधिक की शानदार स्ट्राइक रेट से 707 रन बनाए हैं। उन्होंने तीन अर्द्धशतक दर्ज किए हैं।

## व्यापार

# रतन टाटा के निधन से उद्योग जगत में शोक की लहर

**एजेंसी, मुंबई/नई दिल्ली**



देश के उद्योगपति अनमोल रतन टाटा के निधन से उद्योग जगत में शोक की लहर है। बुधवार रात करीब 11:00 बजे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 86 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। भारतीय उद्योगपतियों मुकेश अंबानी से लेकर एसबीआई चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने उनके निधन को सभी भारतीयों के लिए एक बड़ी और अपूरणीय क्षति बताया है। देश के सबसे अमीर कारोबारी और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने जारी बयान में कहा, ''यह भारत और भारतीय उद्योग के लिए बेहद दुखद है। रतन टाटा का निधन केवल टाटा समूह के लिए नहीं, बल्कि हर भारतीय के लिए बड़ी क्षति है।'' उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर रतन टाटा के निधन से मुझे बेहद दुख पहुंचा है। मैंने एक प्रिय मित्र खो दिया है। उनके साथ मेरी हर एक मुलाकात ने मुझे प्रेरित किया है रतन टाटा आप हमेशा मेरे दिल में रहेंगे।'' आदित्य बिड़ला समूह के प्रमुख कुमार मंगलम बिड़ला ने जारी बयान में कहा है कि रतन टाटा के निधन से भारत और भारतीय उद्योग जगत ने एक दूरदर्शी व्यक्तित्व को खो दिया। उनके फैसलों ने आर्थिक वृद्धि से परे लोगों के जीवन तथा उद्योगों को प्रभावित किया है। पिछले कई दशकों से मेरे परिवार और मेरी कई पीढ़ियों का उनके साथ करीबी संबंध रहा है। उन्होंने टाटा समूह के बेहतरीन आदर्शों को मूर्त रूप दिया। उनकी विरासत भारतीयों की भावी पीढ़ियों को ईमानदारी के साथ सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। महिंद्रा समूह के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनीश शाह ने 'एक्स' पोस्ट पर लिखा कि रतन टाटा का दृष्टिकोण व्यवसाय से परे था, जिसने एक पीढ़ी को उद्देश्य और निष्ठा के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। टीवीएस मोटर कंपनी के मानद चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन ने जारी एक बयान में कहा कि दिवंगत रतन टाटा वास्तव में बेहतरीन कारोबारी थे, जिन्होंने देश को व्यापारिक हितों से ऊपर रखा और उनका दृष्टिकोण वास्तव में देश तथा उसके लोगों के लिए परिवर्तनकारी साबित हुआ। श्रीनिवासन ने कहा, ''टाटा वास्तव में एक बेहतरीन कारोबारी थे, एक ऐसा उद्योगपति जो सदी में एक बार ही किसी देश को मिलता है।'' आरपीएसजी समूह के चेयरमैन संजीव गोयनका ने जारी बयान में कहा कि रतन टाटा के निधन से ''दुनिया ने सच्चे दूरदर्शी और मानवतावादी को खो दिया है।'' गोयनका ने कहा है कि व्यापार और समाज के लिए रतन टाटा का अद्वितीय योगदान हमेशा उनकी विरासत रहेगा। अपोलो हॉस्पिटल्स की संयुक्त प्रबंध निदेशक संगीता रेड्डी ने कहा कि रतन टाटा ने अनगिनत व्यक्तियों को प्रेरित किया। मैं उनके साथ हुई कुछ मुलाकातों को याद कर रही हूं और बेहद दुखी हूंहर मुलाकात में उनकी बुद्धिमत्ता और दयालुता ने मुझे बहुत प्रभावित किया। वहीं, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के चेयरमैन सी.एस. शेट्टी ने भी उनके निधन पर शोक जताया है। शेट्टी ने कहा कि रतन टाटा ने देश के औद्योगिक तथा परोपकारी परिदृश्य को आकार दिया है। उन्होंने कहा कि टाटा संस में उनके नेतृत्व ने कॉर्पोरेट जिम्मेदारी और नवाचार को फिर से परिभाषित किया तथा टाटा समूह को नैतिक मूल्यों के साथ एक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित किया।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, 760 रुपये तक सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



नवरात्रि के दौरान घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट लगातार जारी है। आज सोना की कीमत में 700 से 760 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण आज देश के अधिकांश सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 77 हजार के स्तर से नीचे गिर कर 76,830 रुपये से लेकर 76,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 70,440 रुपये से लेकर 70,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज बड़ी गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी आज 93,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 76,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 70,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 76,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 76,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 76,680 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 76,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 76,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 70,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 76,730 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 70,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 76,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी गिरावट आने की वजह से सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 76,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग पर सख्ती, सेबी ने ठोका जुर्माना

**एजेंसी, नई दिल्ली**



मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने ब्रोकरेज फर्म चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग पर निर्धारित नियमों का पालन नहीं करने के आरोप में 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सेबी के आदेश के मुताबिक चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग ने एक्सचेंज को ऑथराइज्ड पर्सन (एपी) से जुड़े क्लाइंट्स की सही जानकारी नहीं दी। बताया गया है कि ब्रोकरेज के ऑथराइज्ड पर्सन और क्लाइंट के बीच तीन मामलों में एपी सर्विसेज के लिए फंड की लेनदेन हुई। इस दौरान एपी टर्मिनल्स का इस्तेमाल अनऑथराइज्ड लोगों द्वारा किया गया। सेबी के आदेश में जांच के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया गया है कि ब्रोकरेज फर्म के ऑथराइज्ड पर्सन्स में से एक ने एक्सचेंज को 226 क्लाइंट्स की जानकारी नहीं दी, जबकि दूसरे ने 118 क्लाइंट्स की और तीसरे ने 7 क्लाइंट्स की जानकारी एक्सचेंज को उपलब्ध नहीं कराई। सेबी की जांच में इस बात का भी पता चला कि ब्रोकरेज फर्म के ऑथराइज्ड पर्सन्स में से एक ग्रो कैपिटल फाइनेंस सर्विसेज अपने क्लाइंट को फंड ट्रांसफर कर रहा था। हालांकि ब्रोकरेज फर्म की ओर से सफाई दी गई कि फंड ट्रांसफर का ये काम ऑथराइज्ड पर्सन ने पर्सनल कैपेसिटी में क्लाइंट के साथ किया था, जिसके लिए ब्रोकरेज फर्म को जिम्मेदार नहीं माना जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि सेबी के नियमों के तहत ऑथराइज्ड पर्सन को क्लाइंट के फंड और सिक्योरिटीज की किसी भी पेमेंट या डिलीवरी को स्वीकार करने से रोका गया है। इस नियम में कहा गया है कि ऑथराइज्ड पर्सन क्लाइंट से कोई भी फंड या सिक्योरिटीज कलेक्ट नहीं करेगा और एजेंट के रूप में मेंबर की ओर से दी गई सर्विसेज के लिए क्लाइंट से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई भुगतान या राशि नहीं लेगा। सेबी ने अपनी जांच में इसी नियम के उल्लंघन के कारण चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान मजबूती का रुख बना नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बनने की वजह से शेयर बाजार की चाल में गिरावट आई, लेकिन ये गिरावट अधिक समय तक जारी नहीं रही। सुबह 10 बजे के करीब चौतरफा खरीदारी शुरू हो गई, जिससे शेयर बाजार की चाल में भी तेजी आ गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.61 प्रतिशत और निफ्टी 0.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 2.14 प्रतिशत से लेकर 1.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर अडाणी एंटरप्राइजेज, सिप्ला, श्रीराम फाइनेंस, ट्रेंट लिमिटेड और डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज के शेयर 2.50 प्रतिशत से लेकर 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,328 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी।

# उद्योगपति रतन टाटा के योगदान ने हमारे समाज पर अमिट छाप छोड़ी : सीतारमण

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर दुखः व्यक्त किया। सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि रतन टाटा के निधन से दुखी हूं, वे एक उत्कृष्ट नेता, दूरदर्शी उद्योगपति और परोपकारी व्यक्ति थे, जिनके योगदान ने हमारे समाज पर अमिट छाप छोड़ी है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने 'एक्स' पोस्ट पर रतन टाटा के निधन पर प्रति दुखः व्यक्त करते हुए लिखा है कि नवाचार, नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति उनके गहरे संकल्प ने उद्योगों को बदल दिया और समुदायों का उत्थान किया। उन्होंने कहा है कि उनके परिवार, दोस्तों और उन सभी लोगों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं है, उनकी उल्लेखनीय विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। निर्मला सीतारमण ने रतन टाटा को याद करते हुए उनके साथ एक कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर जारी एक तस्वीर को भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वे रतन टाटा के साथ मौजूद हैं। गौरतलब है कि देश के अनमोल रतन टाटा का बुधवार रात करीब 11:00 बजे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 86 साल की उम्र में निधन हो गया है।

# मंझरिया शिवालय का है कई सौ सालों पुराना इतिहास

चाणक्य भूमि बगहा (नीरज मिश्रा)

» सच्चे मन से मांगी मुराद होती है पूरी

बगहा एक प्रखंड के अंतर्गत पंचायत राज बांसगांव मंझरिया के मंझरिया पोखर के किनारे अवस्थित पीपल के जड़ में भगवान भोलेनाथ एवं पार्वती की मंदिर है। इस मंदिर का इतिहास लगभग कई सौ साल पुराना है। इस विषय पर समाजसेवी नर्वदेश्वर उपाध्याय सहित कई बुजुर्गों के द्वारा यह बताया गया, कि इस मंदिर का इतिहास बहुत पुराना है। उन्होंने बताया कि मेरी उम्र लगभग 100 वर्ष से ऊपर है लेकिन हम लोग के पूर्वजों के द्वारा बताया गया कि इस मंदिर के आसपास पहले बंजारों का निवास स्थान था ।और उन लोगों के बीच में एक पीपल का पेड़ था जिसमें से पीपल के पेड़ के जड़ से भगवान शंभूनाथ एवं माता पार्वती की उत्पत्ति हुई। इस कारण लोग उन्हें पिपल्लेश्वर महाराज भी कहते हैं ।इस मंदिर में आज भी विशालकाय पीपल का जड़ मौजूद है। साल हर साल इस मंदिर के प्रांगण में प्रत्येक दिन ग्रामीणों के द्वारा सुबह एवं शाम के समय पूजा अर्चना व आरती की जाती है । इस मंदिर की विशेषता यह है कि जो भी इस मंदिर में सच्चे मन से मांगता है उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती हैं।हर साल के सावन माह में भगवान भोले नाथ को पूजने के लिए बहुत दूर दूर से श्रद्धालुगण आते हैं । इस मंदिर प्रांगण में साल के 12 महीने लोग भगवान की अभिषेक के लिए आते रहते है । इस मंदिर के सामने स्थित पोखरा का जल भी कभी समाप्त नहीं होता है। मंदिर के सामने स्थित पोखरा इस मंदिर के सुंदरता में चार चांद लगा देता है। आज तक जो भी भक्त भोलेनाथ के दरवाजे पर आया है, वह खाली हाथ वापस नहीं लौटा है। यहां सभी भक्तगण की मनोकामना पूरी होती है । ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर की



पूजा अर्चना गांव के आचार्यों और ब्राह्मणों के द्वारा किया जाता है। महाशिवरात्रि दिन इस शिवालय में दूर-दूर से लोग भगवान को जलाभिषेक करने के लिए आते हैं । वही भगवान शिव अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करते और उनकी मुराद पूरी करते हैं। कुछ ग्रामीणों की माने तो अभी मंदिर का नवीकरण हुआ है। इसके पहले जो पुरानी मंदिर की साइड है उसपे लगे ईट पर जो लेख है वो सम्राट अशोक के समय के हैं । वही शिव मंदिर से महज 200 मीटर की दूरी पर कोट माई का मंदिर है जो शिव मंदिर के समकालीन कि हैं। लोगों का कहना है कि यह मंदिर भी राजा के दरबार के समय उनके दरबार के मुख्य दरवाजे पर स्थित था। श्रद्धालु इस मंदिर में भी पूजा पाठ करने के लिए दूर से आते है। वही नवरात्रि के समय इस मंदिर में ग्रामीणों के द्वारा नव दिनों तक पूजा अर्चना व आरती की जाती हैं।

# रोटरी की ओर से सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित छात्राओं को दी गयी दूसरी डोज



चाणक्य भूमि(बेतिया)

» जागरूकता ही बचावःडॉ. प्रदीप कुमार

**बेतिया।**रोटरी क्लब बेतिया सेन्ट्रल द्वारा चार स्कूली बच्चियों को रोटेरियन डॉक्टर प्रदीप कुमार के क्लिनिक में सर्वाइकल कैंसर का दूसरा इंजेक्शन दिया गया, ये लड़किया अनुप्रिया , पुर्वी करगहिया, अंजली और मुस्कान , रायधुर्बा एवम निभा, जगजीवन नगर की है, रोटरी क्लब बेतिया सेन्ट्रल के वरिष्ठ सदस्य एवम चार्टर अध्यक्ष रोटेरियन डॉक्टर प्रदीप कुमार ने कहा की सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए हमारी कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा बच्चियों को जागरूक कर टीकाकरण किया जाए। अभी जागरुकता की कमी के कारण लोग आगे नहीं बढ़ रहे है , इसके लिए हम जगह जगह स्कूलों में जागरूकता टॉक दिलवाया जा रहा है।

इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष सुजय कुमार सिन्हा, शीला रंजन, डॉक्टर शेखर प्रशांत, डॉक्टर सुमंत शेखर, अभिनव दत्त त्रिपाठी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष सुजय कुमार सिन्हा ने इंजेक्शन लगाने वाले कंपाउंडर रमन कुमार , बीरबल प्रसाद को निशुल्क सेवा देने के लिए धन्यवाद दिया।

# अष्टमी के अवसर पर डांडिया का आयोजन

चाणक्य भूमि बेतिया



दशहरा के अवसर पर हर साल की भाँति इस साल भी नव दुर्गा पूजा समिति लाल बाजार द्वारा स्थानीय जोड़ा शिवालय के प्रांगण में इस त्योहार का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है । नव दुर्गा पूजा समिति द्वारा इस उत्सव में प्रतिदिन अलग अलग कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

इसी क्रम में गुरुवार की संध्या आयोजको द्वारा डांडिया प्रोग्राम का आयोजन किया था। जिसमें सैकड़ों की संख्या मे स्त्री पुरुष और बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये नव दुर्गा पूजा समिति के साथ ही मारवाड़ी युवा मंच और मारवाड़ी महिला मंच के कार्यकर्ता पूरे मेहनत और लगन से लगे हुए थे।







# करंट से युवक की मौत, परिजनों में मचा चित्कार

चाणक्य भूमि मैनाटाड़

पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव में करंट की चपेट में आने से एक पच्चीस वर्षीय युवक की मौत हो गयी है ।मिली जानकारी के अनुसार पुरुषोत्तमपुर निवासी कंचन दास का पच्चीस वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार बुधवार रात खाना खाकर अपने घर में सोने चला गया। परिजनों ने बताया कि सोने के दौरान ही घर में रखें पंखे को ठीक करने के दरम्यान वह करेंट के चपेट में आ गया ।अकेले रूम में होने के कारण मुकेश को किसी ने उसे देखा नहीं जिससे उसकी मौके पर ही मौत गयी। गुरुवार की सुबह जब उसके घर का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को शक हुआ तो दरवाजा तोड़कर देखा गया तो वह करंट के उसकी मौत हो गई है और उसका शव घर में पड़ा हुआ है ।परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस भी पहुंची और मामले की छानबीन की।पुरुषोत्तमपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति क्लियर होगी कि मुकेश कुमार की मौत कैसे हुई है। वही मुकेश कुमार के मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पिता कंचन दास, माता दुजिया देवी, भाई सिंहासन दास, सुधा दास, शिवम दास सहित अन्य घर वालों का रोते-रोते बुरा हाल है। घरवालों के चित्कार से गांव वालों में भी शोक की लहर है।

# मंडल कारा बेतिया व मेडिकल कॉलेज में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

चाणक्य भूमि बेतिया

» मेडिकल कॉलेज में एनसीडीओ मूर्तजा अंसारी ने किया लोगों के स्वास्थ्य की जाँच
» मानसिक तनाव से बचने के बारे में दी गई जानकारी

जिले में गुरुवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंडल कारा बेतिया व मेडिकल कॉलेज में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही मेडिकल कॉलेज में सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की जाँच गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ मूर्तजा अंसारी के देखरेख में की गईं। मौके पर

मानसिक तनाव से बचने के बारे में डॉ अंसारी ने जानकारी देते हुए कहा की अस्वस्थ जीवनशैली व तनावपूर्ण जीवन जीने के कारण आज 10 में 5 लोग मानसिक रोग से पीड़ित है, वहीं प्रो डॉ हेमंत, क्लिनिकल साइकोलॉजीस्ट डॉ वरुण कुमार, अभिषेक कुमार ने कहा की विभिन्न मानसिक रोगों यथा साइकोसिस, न्यूरोसिस, एपिलेप्सी (चमकी), अवसाद, डिमेंशिया, सब्सटेंस एब्यूज आदि के बारे में मरीजों को जानकारी तथा बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा की गईं ताकि लोग इन बीमारियों से सुरक्षित रहें । डॉ ने तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। उन्होने बताया कि कुंठा, अवसाद एवं तनाव सभी गम्भीर बीमारियों जैसे उच्च रक्तचाप, माइग्रेन, मधुमेह इत्यादि की जननी है।



**स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर बचेंगे मानसिक रोगों से**-डॉ मूर्तजा अंसारी ने कहा कि तनाव से मुक्त रहने के लिए नियमित व्यायाम, प्राणायाम, स्वस्थ जीवन शैली अपनायें व स्वस्थ जीवन बसर करें।इसे अपनाने पर ही मानसिक रोगों से बच सकते है।उन्होंने कहा की स्वास्थ्य संस्थानों पर बैनर-पोस्टर, हैंडबिल, पम्पलेट के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर मण्डल कारा के जेल सुपेरिंटेंडेंट, एसोसिएट प्रो डॉ हेमंत कुमार , क्लिनिकल साइकोलॉजीस्ट डॉ वरुण कुमार , साइकोलॉजीस्ट अभिषेक कुमार, जेल स्टाफ व अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।




# पहली किश्त के लिए पाँच साल से भटक रहें लोगों का दोषी ??

चाणक्य भूमि बेतिया

बेतिया में वर्ष 2018-19 में "सबके लिए आवास " योजना के लाभुकों की जांच और कार्यादेश के बाद भी पहली किश्त के लिए 5 साल से भटक रहे 139 शहरी गरीब परिवारो का दोषी कौन ?? महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने व्यथित होकर कहा कि एक सामान्य गृहणी को रिकार्ड मतों से महापौर बनाने वाले अपने मतदाता मालिक की तरह मैं स्वयं भी खुद को आज बेहद लाचार पा रही हूं।

बुधवार को "सबके लिए आवास " योजना के आयोजित शिविर में उपस्थित महापौर ने स्वयं अपने नगर निगम कार्यालय की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि योजना का लाभ मुहैया कराने में हमारा नगर निगम कार्यालय विफल रहा है।

महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने सरकार और विभाग की उच्च प्राथमिकताओं में शामिल "सबके लिए आवास " योजना में नगर निगम की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल सवाल उठाया




है। उन्होंने बताया कि उनके पिछले कार्यकाल में हजारों आवेदक में से 905 परिवारों का चयन "सबके लिए आवास योजना" का लाभ दिलाने के लिए किया था। जिनमें से 574 शहरी गरीब परिवारों के दावा और अनुशंसा को सही पाकर इनको लाभ मुहैया कराने की स्वीकृति वर्षो पहले ही मिल गई गई जिसमें से 139 चयनित परिवारों को सरकारी कार्यादेश जारी हो जाने के बाद भी उन परिवारों को योजना का लाभ मुहैया कराने में हमारा नगर निगम कार्यालय विफल रहा है।


बुधवार को इन चयनित परिवारों के अभिलेखों की जाँच के लिये दुबारा आयोजित जांच शिविर में शामिल कर्मचारियों द्वारा चयनित कुछ आवेदकों की संचिका में इनके भू स्वामित्व का कंप्यूटराइज एलपीसी और पारिवारिक बंटवारा का मान्य कागजात सही से उपलब्ध नहीं होने से इनको लाभ मुहैया कराने में समस्या की बात बताई गयी।

महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने अपने पीड़ित जनता जनार्दन की बातों से व्यथित होकर महापौर श्रीमती सिकारिया कहा कि एक सामान्य गृहणी को रिकार्ड मतों से महापौर बनाने वाले अपने मतदाता मालिक की तरह मैं स्वयं भी खुद को आज बेहद लाचार पा रही हूं। क्योंकि नगर निगम ऐसी समस्याओं में कम रूचि ले रहा है। वही शिकायत पर कार्रवाई और सही से जांच लंबित है। महापौर ने बताया कि ऐसी स्थिति के बीच देरी होने से सबके लिए आवास योजना मद का दो करोड़ से ज्यादा का आवंटन वापस ले लिया गया है। और आगे भी इसी मद में प्राप्त करोड़ों के अन्य आवंटन के भी लेप्स हो जाने की बात बताई जा रही है।

# शक्ति,साहस और ज्ञान की प्रेरणा देता है दुर्गापूजा

चाणक्य भूमि मैनाटाड

चम्पारण ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन डॉ मोहम्मद सलाऊदीन ने दशहरा के पावन अवसर पर कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में संस कहा कि दुर्गा पूजा हमें शक्ति, साहस और ज्ञान की प्रेरणा देता है। मां दुर्गा की कृपा से हमारा संस्थान ज्ञान, सफलता और समृद्धि का केंद्र बना रहें।" उन्होंने आगे कहा इस त्योहार की भावना हमें एकता, स्नेह और सामाजिक सेवा की प्रेरणा देती है।यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।यह हमें हमेशा अपने जीवन में नैतिकता और सत्य की राह पर चलना सिखाता है।डॉ मोहम्मद सलाउद्दीन ने विशेष रूप से चंपारण ग्रुप ऑफ



इंस्टिट्यूशन के डिग्री कॉलेज,नर्सिंग कॉलेज,पैरामेडिकल,पॉलीटेक्निक एवम आई टी आई के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को उनके संस्थान के प्रति समर्पण के लिए धन्यबाद दिया और भविष्य में इससे भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा भी दी।







# डीएम, एसपी समेत प्रशासनिक अधिकारी फ्लैग मार्च में हुए शामिल

चाणक्य भूमि बेतिया/मझौलिया

**बेतिया/मझोलिया।** दशहरा त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उदेश्य से जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय तथा पुलिस अधीक्षक, बेतिया, श्री शौर्य सुमन के नेतृत्व में बेतिया प्रखंड के विभिन्न स्थलों पर फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च में एसडीएम, बेतिया, श्री विनोद कुमार सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी शामिल रहे। इसके साथ ही बेतिया शहर अवस्थित कई दुर्गा पूजा पंडालों का मुआयना भी किया गया।



इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा लोगों से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से पर्व को मनाने की बात कही गयी।

» सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गापूजा मनाने का संदेश

जिलाधिकारी द्वारा जिलेवासियों से अपील की गयी है कि आपसी भाईचारे के साथ दशहरा त्यौहार मनाएं। जिला प्रशासन की पूरी टीम आपके साथ है। जिलेवासी अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे तथा अफवाह फैलाने वाले असामजिक तत्वों के बारे में नजदीकी थाने अथवा जिला प्रशासन को सूचित करेंगे ताकि त्वरित गति से कार्रवाई करते हुए निरोधात्मक कार्रवाई की जा सके।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714